


# दैनिक क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -291 जबलपुर, गुरुवार 19 दिसम्बर 2024 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# मैं इस्तीफा दे दूं...अमित शाह



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान डॉ. बीआर अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। जहां कांग्रेस ने एचएम शाह पर संविधान के निर्माता का अपमान करने का आरोप लगाया है, वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल एडिट क्लिप प्रसारित कर रहे हैं और घटिया चालें खेल रहे हैं। इंडिया ब्लॉक के

## अमित शाह ने लईव आते ही पलट दिया खेल!

कई सांसदों ने आज संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और शाह से अंबेडकर पर की गई उनकी टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह बीआर अंबेडकर का अपमान है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उनके इस्तीफे की मांग के बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा अगर इससे कांग्रेस अध्यक्ष को आनंद मिलता है तो मैं इस्तीफा भी दे दूं लेकिन, इससे उनकी समस्याएं कभी हल नहीं होंगी। 15 साल आपको विपक्ष में बैठना है।

**अमित शाह ने राज्यसभा में क्या कहा?**

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर आपत्तिजनक बयान दिया गया है। पीआईबी फैक्ट चेक में ये दावा भ्रामक है। क्लिप्ड वीडियो में केन्द्रीय मंत्री के भाषण के चुनिंदा हिस्से को गलत तरीके से पेश किया गया है।

**कांग्रेस ने तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश किया**

कांग्रेस पर बीआर अंबेडकर विरोधी, आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज (18 दिसंबर) कहा कि विपक्षी दल राज्यसभा में उनके भाषण के बारे में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अमित शाह ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर भी हमला किया और कहा कि संविधान के 150 साल पूरे होने पर संसद में चर्चा ने साबित कर दिया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का कितना विरोध किया। कल से कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और मैं इसकी निंदा करता हूं... कांग्रेस बीआर अंबेडकर विरोधी है, यह आरक्षण और संविधान के खिलाफ है।

पीएम मोदी ने किया शाह का बचाव

इससे पहले दिन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबासाहेब अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी का बचाव किया और कहा कि शाह ने अंबेडकर का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया जिसके बाद उन्होंने जो तथ्य प्रस्तुत किए उससे वे स्पष्ट रूप से स्तब्ध और स्तब्ध थे। एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में, पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ नहीं किया।

## मध्य प्रदेश विधानसभा में भी हंगामा, डॉ. आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री के बयान पर मचा बवाल



भोपाल.(आरएनएस)। केंद्रीय गृह अमित शाह के डॉ. भीमराव आंबेडकर को लेकर सदन में की गई टिप्पणी पर बुधवार को मध्य प्रदेश विधानसभा में हंगामा हो गया. शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह मामला उठाते हुए इसे संविधान को मानने वाले और पूरे अनुसूचित जाति वर्ग का अपमान बताते हुए माफी मांगने की मांग की.

इसको लेकर सत्ता पक्ष की ओर से आपत्ति दर्ज कराई तो पूरा विपक्ष आसंदी के समक्ष आ गया और नारेबाजी करने लगा. इसके विरोध में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री सहित सत्ता पक्ष के सदस्य भी आसंदी के पास आ गए. दोनों पक्षों की ओर से नारेबाजी होने लगे. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने दस मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी. बाद में उन्होंने पूरे संवाद को कार्यवाही से विलोपित कर दिया. शून्यकाल में उमंग सिंघार ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर आस्था के केंद्र हैं. भाजपा संविधान को तार-तार करने में लगी है. केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पूरा समाज आहत हुआ है. उन्हें माफी मांगनी चाहिए. इस पर संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आपत्ति उठाते हुए कहा कि ऐसे कोई कुछ भी नहीं कह सकता है. सदन नियम और प्रक्रिया से चलता है. ऐसे किसी व्यक्ति जो सदन में अपना पक्ष नहीं रख सकता है, उसके बारे में चर्चा नहीं हो सकती है. संसद में कही किसी भी बात का उल्लेख यहां नहीं किया जा सकता है. इसके बाद कांग्रेस के सदस्य एक साथ खड़े हो गए और अपनी बात जोर-जोर से रखने लगे. मुख्यमंत्री, मंत्री सहित सत्ता पक्ष के सभी सदस्य भी अपने स्थान पर खड़े हो गए और कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया. जब कांग्रेस के सदस्य आसंदी के समक्ष आ गए तो मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य सदस्य भी आसंदी के समक्ष आ गए और दोनों पक्ष के बीच बहस होने लगी.

मुंबई में बड़ा हादसा

## एलीफेंटा जा रहा बोट गेटवे ऑफ इंडिया के पास पलटी, समुद्र में डूबने से 1 की मौत, 13 लापता

मुंबई.(आरएनएस)। गेटवे ऑफ इंडिया के पास एक बोट पलट गई, जिसमें सवार 80 लोग समुद्र में फंस गए. हादसे की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों को बचाने की कोशिश कर रही है. इस हादसे में एक की मौत हो गई और अब भी 13 लोग लापता हैं. रेस्क्यू टीम दूसरी नाव पर समुद्र में फंसे लोगों को शिफ्ट करने की कोशिश कर रही है.

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास समुद्र में एक नाव पलट गई. इस बोट का नाम नील कमल बताया जा रहा है, जो यात्रियों को भरकर गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा की ओर जा रही थी. नाव अचानक से डिसबैलेंस हुई और सभी यात्री समुद्र में डूबने लगे. इस दौरान अचानक से एक बड़ी बोट पहुंची और तुरंत कई लोगों को बचा लिया.

रेस्क्यू में भारतीय नौसेना के 4 हेलीकॉप्टर लगाए गए हैं. साथ ही नेवी की 11, समुद्री पुलिस की 3 और तटरक्षक की 1 नाव को सर्च अभियान में लगाया गया है. जानकारी के मुताबिक, नाव में 80 लोग सवार थे, जिनमें से 66 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया. समुद्र में डूबने से एक यात्री की जान चली गई, जबकि लापता 13 लोगों की तलाश जारी है. मुंबई पुलिस के अनुसार, इस घटना की जानकारी मिलते ही कई अन्य नावों से सुरक्षा टीम राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंची और यात्रियों को निकालने का अभियान तेज किया. साथ ही गोताखोरों की टीम को भी लापता लोगों की तलाश में समुद्र में उतारा गया है.

# भगवान का नाम लेते तो...आंबेडकर वाले बयान पर हंगामा, कांग्रेस ने अमित शाह को घेरा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर कांग्रेस को घेरा. इस दौरान अमित शाह के एक बयान पर हंगामा हो गया और विपक्ष ने अमित शाह पर डॉ. आंबेडकर का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया.

इसके चलते बुधवार को संसद में भी हंगामा जारी रहा और विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही भी सुचारू रूप से नहीं हो सकी. भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया है और आरोप लगाया है कि कांग्रेस अमित शाह के भाषण का वीडियो कांट-छांट कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही है और सस्ती राजनीति कर रही है.

**यह है पूरा मामला**

दरअसल संविधान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा में अमित शाह ने कहा कि %अभी एक फैशन हो गया है. आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर. इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता. आंबेडकर का नाम सौ बार लें, लेकिन आंबेडकर के बारे में कांग्रेस पार्टी का भाव क्या है, ये मैं बताता हूं.

शाह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने देश की



पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों दे दिया था. उन्होंने अनुसूचित जनजातियों से व्यवहार, अनुच्छेद 370 और देश की विदेश नीति से नाराजगी के चलते इस्तीफा दे दिया था. इस पर बीसी रॉय ने पंडित नेहरू को चिट्ठी लिखी कि आंबेडकर और राजाजी मंत्रिमंडल छोड़ेंगे तो क्या होगा? इसके जवाब में पंडित नेहरू ने लिखा था कि राजाजी के जाने से कुछ असर पड़ेगा, लेकिन आंबेडकर के जाने से कुछ नहीं होगा. शाह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस के आंबेडकर के बारे में ये विचार रहे हैं. आज आंबेडकर को मानने वाले पर्याप्त संख्या में आ गए हैं इसलिए ये आंबेडकर-आंबेडकर कर रहे हैं. वोट बैंक के लिए कांग्रेस नेता आजकल आंबेडकर का नाम बार-बार लेते हैं.

**कांग्रेस ने लगाए आंबेडकर का अपमान करने के आरोप**

अमित शाह के बयान को कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान बताया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तो इस मुद्दे पर अमित शाह का इस्तीफा मांग लिया है. अमित शाह की टिप्पणी पर बुधवार को संसद में खासा हंगामा हुआ. विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में हाथों में आंबेडकर की तस्वीर लेकर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने अमित शाह की टिप्पणी से नाराजगी जाहिर करते हुए आज संसद में स्थगन प्रस्ताव लाने की बात कही है. मणिकम टैगोर ने कहा कि अमित शाह ने आंबेडकर पर टिप्पणी कर संविधान निर्माण में उनकी भूमिका को कमतर करने की कोशिश की है. कांग्रेस सांसद ने मांग की कि अमित शाह को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए.

**भाजपा ने किया पलटवार**

संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज राज्यसभा में कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कल केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि जब आंबेडकर जीवित थे, तो कांग्रेस ने किस तरह से उनका अपमान किया. कांग्रेस ने इतने वर्षों तक उन्हें भारत रत्न नहीं दिया और साल 1952 में एक साजिश के तहत उन्हें चुनाव हराया. मैं एक बौद्ध हूं और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति हूं. इस देश में बाबा साहब ने 1951 में कानून मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था. 71 साल बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे, जो एक बौद्ध हूं, देश का कानून मंत्री बनाया.

## दिल्ली से इंदौर जा रही बस सुसनेर में पलटी एक बच्ची की मौत, 20 लोग हुए



आगर-मालवा (आरएनएस)। आगर-मालवा जिले के सुसनेर में बुधवार सुबह इंदौर कोटा हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस पलट गई। घटना में एक 6 साल की बच्ची की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के बस दिल्ली से इंदौर जा रही थी। तभी सुबह करीब 6 बजे ड्राइवर को नींद का झोका आने से बस सड़क से उतरकर नीचे पलट गई। इसमें करीब 30 लोग सवार थे, जिसमें मौके पर ही एक बच्ची की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कलेक्टर और एसपी तुरंत सुसनेर अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली।

उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग शहरी क्षेत्र में बन तो गया कि मगर अब यह भी धीरे-धीरे अतिक्रमण की जद में समाने लगा है। वाहन चालक इतने लापरवाह बने हुए हैं कि हाईवे के किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े कर रहे हैं। इसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। इस वजह से हर समय हादसे का डर लग रहा है। वाहन चालकों की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन फिर भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है। इधर, नगरीय क्षेत्र में बनाई गई सर्विस रोड पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। ऐसे में दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों के साथ ही बड़े-बड़े भारी वाहन भी हाईवे किनारे ही खड़े हो रहे हैं। जो हादसों को न्योता दे रहे हैं।

10 लॉकर सहित तीन करोड़ रुपये नकद मिले

## तीन बिल्डरों व उनके करीबियों से जुड़े 52 स्थानों पर आयकर का छापा

भोपाल।(आरएनएस)। आयकर विभाग की टीमों ने तीन बड़े बिल्डरों और उनके करीबियों से जुड़े 52 स्थानों पर छापेमारी की है। भोपाल में 49, इंदौर में दो और ग्वालियर में एक जगह छापा मारा गया है। भोपाल के त्रिशूल बिल्डर के राजेश शर्मा के आवास व अन्य स्थानों पर छापा डाला गया।

सभी जगह मिलाकर तलाशी में 10 लाकर और तीन करोड़ रुपये नकद मिले हैं। ज्वेलरी भी मिली है जिसका मूल्यांकन किया जा रहा है।

आयकर विभाग की लंबे समय से इन पर नजर थी। 52 स्थानों के लिए 52 टीमें बनाई गई थीं। यह टीमें 125 गाड़ियों में पहुंची थीं। सुरक्षा के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स के 500 जवानों को तैनात किया गया था। जिन बिल्डरों के यहां छापा पड़ा है उनमें त्रिशूल के अतिरिक्त, क्वालिटी और ईशान बिल्डर शामिल हैं।

साथ ही इनसे जुड़े जमीन की खरीदी बिक्री का कारोबार और होटल व्यवसाय के कारोबार में लगे लोगों के यहां भी तलाशी अभियान चलाया गया। राजेश शर्मा का क्रशर का व्यवसाय भी है। साथ ही क्रशर संचालकों के संगठन के अध्यक्ष भी हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी से सीखा जा सकता है कठिनाइयों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करना -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन सर्वोत्तम तरीके से खिलाड़ी ही करते हैं। प्रतिभा का प्रदर्शन खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से कठिनाइयों में भी सर्वोत्तम प्रदर्शन करने की कला सीखी जा सकती हैं। उन्होंने वर्तमान में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अब तो हमारे खिलाड़ी निशाना भी सीधे पदक पर ही लगाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव टीटी नगर स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं का सम्मान और प्रोत्साहन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में 1 हजार 786 खिलाड़ियों को 25.389 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी। खिलाड़ियों को किट भी वितरित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। नयी शिक्षा नीति में खेलों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। स्पोटर्स्टीचर की पदोन्नतियों के रास्ते खोले गये हैं। उच्च शिक्षा में स्पोटर्स्टीचर सहायक प्राध्यापक एवं उसके बाद की भी पदोन्नतियां पा सकते हैं।

## कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच संसद में पीएम मोदी से मिले शरद पवार



नई दिल्ली-(आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने किसानों के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आज संसद में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक में अनार उद्योग से संबंधित चुनौतियों, विशेषकर किसानों को प्रभावित करने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। किसानों की चिंताओं के बारे में मुखर रहने वाले पवार ने मुद्दों के समाधान और कृषि क्षेत्र के लिए समर्थन सुनिश्चित करने के लिए प्रधान मंत्री के हस्तक्षेप की मांग की। वहीं दूसरी तरफ पंजाब भर में ट्रेनों की आवाजाही बुधवार को बाधित होने की संभावना है क्योंकि किसान तीन घंटे के रेल रोको विरोध के तहत दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रेलवे पटरियों पर बैठे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा आयोजित, प्रदर्शन 23 जिलों में फैला है।

किसान कर्ज़ माफ़ी, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और 2021 लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय के साथ-साथ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

## सागर में गौरझामर के न्यू बस स्टैंड पर लगी आग, सात दुकानें जलकर खाक

सागर (आरएनएस)। सागर जिले के गौरझामर के न्यू बस स्टैंड स्थित दुकानों में मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात लगभग दो बजे अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि एक के बाद एक सात दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगी देख मौके पर स्थानीय लोग पहुंचे जिन्होंने सूचना दुकानदारों, पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया था कि सभी दुकानें जलकर खाक हो गई।

जानकारी के मुताबिक इन दुकानों मे जनरल स्टोर, दूध डेरी, नाश्ते की दुकान, सब्जी की दुकान संचालित थी। वहीं आग



लगने से दुकानदारों का लाखों रुपया का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

सागर शहर के विभिन्न 33/11 केवी. सबस्टेशनो एवं फीडरो पर मेंटेंनेंस के लिए 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक सुबह नौ बजे से एक बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली कंपनी के कार्यपालन अभियंता अजीत चौहान (नगर संभाग) सागर ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसंबर को डीडी नगर उपकेंद्र से संबंधित 11 केवी डीडी नगर में लाइट बंद रहेगी। वहीं गौर नगर फीडर के अंतर्गत गौर नगर प्लाटिंग, कृष्णा नगर, पटेल मार्केट, नेहा नगर, विद्यापुरम, गायत्री नगर, विशुद्ध विहार कॉलोनी, मानस नगर, बंसल हास्पिटल के पीछे का क्षेत्र, प्रभाकर नगर, दीनदयाल नगर, मकरोनिया रेलवे स्टेशन, गंभीरिया, बंसल हास्पिटल, अंकुर स्कूल, सेंट मेरी स्कूल इत्यादि क्षेत्र एवं 19 दिसंबर को पुलिस लाइन, एसपी कार्यालय, सिविल लाइन, नेपाल पैलेस, कालीचरण चौराहा बिजली बंद रहेगी। जेल एरिया, लाल स्कूल, स्नेह नगर, गोपालगंज, एमएलबी स्कूल इत्यादि क्षेत्र एवं 20 दिसंबर को केंट क्षेत्र, लाल कुर्ती, परेड चक्र, 28 नं. रेलवे गेट, सेंट जोसेफ स्कूल, हेंग रोड इत्यादि क्षेत्र तथा 21 दिसंबर को बडतूमा, सागर स्टेट कालोनी इत्यादि क्षेत्रो में सुबह नौ बजे एक बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। कार्य के अनुसार प्रस्तावित शट-डाउन की

दिल्ली के बुजुर्गों के लिए केजरीवाल की संजीवनी स्कीम

## 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों का मुफ्त होगा इलाज



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली के हमारे सभी बुजुर्गों के लिए खुशखबरी। दिल्ली में 60 साल से यादा उम्र के सभी नागरिकों का इलाज मुफ्त होगा। ये केजरीवाल की गारंटी है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुढ़ापे में एक चीज सभी को तकलीफ देती है। जैसे जैसे उम्र बढ़ती है वैसे वैसे 100 बीमारियां आदमी को आकर घेर लेती हैं। सबसे बड़ी चिंता इलाद की होती है। ऐसे लोगों को भी जानता हूं जो अच्छे खासे परिवार से आते हैं। लेकिन उनके बच्चे उनका ख्याल नहीं रखते हैं। बुढ़ापे में मैंने अच्छे अच्छे परिवार के मां-बाप, बुजुर्गों को तड़पते देखा है। मां-बाप को उनके बच्चों ने छोड़ दिया। लेकिन आप चिंता मत करना आपका ये बेटा अभी जिंदा है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रामायण में एक कहानी पढ़ते हैं न जब लक्ष्मण मूर्छित हुए थे तो हनुमान जी उनके लिए संजीवनी बूटी लेकर आए थे। आज दिल्ली के बुजुर्गों के लिए मैं संजीवनी योजना का ऐलान करने जा रहा हूं।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में रात्रि में जितेन्द्र भूरिया उम्र 40 वर्ष निवासी अलगोड़ा घाटसिमरिया थाना गोसलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी करता है उसकी पत्नी मंजूषा मेडिकल कालेज में भर्ती है। रात्रि मे मेडिकल वार्ड मे ही सो रहा था रात लगभग 3 बजे उठकर देखा उसकी जेब मे रखा उसका मोबाइल रेडमी एमआई कम्पनी का गोल्डन कलर का नहीं था। कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर धारा 303( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम को फैशन बताने वाले गृहमंत्री इस्तीफा दें - कांग्रेस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम लेकर राज्यसभा में गृहमंत्री द्वारा खिल्ली उड़ाना अशोभनीय ही नहीं शर्मनाक है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है मनुस्मृति को मानने वालों के मन में बाबा साहब के प्रति कितनी घृणा नफरत भरी है यह देश के गृहमंत्री के बयान से स्पष्ट हो गया दलित शोषित पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यकों के लिए समानता और बराबर का अधिकार दिलाने वाले भारतवर्ष के करोड़ो लोगों के मसीहा भगवान ही हैं। कोष्टा ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जिन्होंने संविधान में सभी को समान अधिकार दिलाया जिससे भारत देश के दलित शोषण पिछड़े वर्ग के लोग जिन्हें आज बराबरी का जो दर्जा मिला है वह संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की ही देन है संविधान में प्रदत्त अधिकारों के बदौलत है । अंबेडकर साहब का नाम लेकर खिल्लिया उड़ने वाले गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा की मांग मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ( ओबीसी विभाग) कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी विजय अग्रवाल पीपी पटेल राजू तोमर लखन श्रीवास्तव अशोक चौधरी मामूर गुड्डू डॉक्टर मोइन अंसारी जावेद राइन प्रमोद मून रत्नाकर रामटेक आदि ने की है। और कहा कि ये वही विचारधारा है जिन्होंने संविधान की प्रतियां जलाकर संविधान का विरोध किया था । भाजपा का डॉ आंबेडकर के प्रति यह रवैया दलित आदिवासी पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा उजागर कर रहा है ।

### अकाल मृत्यु

जबलपुर - थाना माढ़ोताल मे भागीरथ अहिरवार उम्र 49 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई राकेश अहिरवार उसके मकान के बगल वाले मकान में रहता है पुट्टी पेंट का काम करता है दिनांक 14-12-24 को भाई राकेश अहिरवार ने काम से आने के बाद लेवर पेमण्ट किया उसके बाद अपने दोस्तों के साथ बैठकर शराब पिया और सो गया

## मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर - थाना रांझी में पंचम यादव उम्र 26 वर्ष निवासी छोटी विक्टोरिया हास्पिटल केम्पस रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सिविल अस्पताल रांझी में सुरक्षाकर्मी के पद पर पदस्थ है उसकी डियूटी रात्रि 8 बजे से बजे तक अस्पताल की सुरक्षा में लगाई गयी है वह अपनी डियूटी में सिविल अस्पताल बाउण्ड्री वाला मेन गेट के पास था उस समय रात लगभग 11-30 बजे अस्पताल परिसर गोकलपुर के पीछे रहने वाले विनय एवं विनय का दोस्त आये विनय उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो विनय गाली गलोज करते हुये दो तीन चांटे गाल मे मारा एवं विनय के दोस्त ने चाकू से हमलाकर पेट में मारने की कोशिश किया

निगमायुक्त प्रीति यादव ने सभी हितग्राहियों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविरों में आज पश्चिम, उत्तर मध्य, पूर्व, केन्द, एवं पनागर, विधानसभा क्षेत्र के 13 स्थानों में आयोजित किये गए हैं शिविर - निगमायुक्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा अनुरूप भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं को प्राप्त करने आज दिनांक 19 दिसम्बर को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविरों का आयोजन किया गया है। इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा व्यापक तैयारियों की गई हैं। शिविर के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 19 दिसम्बर को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत त्रिपुरी वार्ड शासकीय स्कूल सगड़ा वार्ड कार्यालय, वीरसावरकर वार्ड जोन कार्यालय कछपुरा, गौरीघाट वार्ड रेत नाका कंचनपुर, एवं जार्ज डिसिल्वा सेठ नत्थुमल स्कूल के सामने गोरखपुर, उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जवाहरगंज वार्ड शा.प्राथ. शाला तिलक भूमि तलैया, डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड सरस्वती शिशु मंदिर त्रिमूर्ति नगर, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड बुनियादी स्कूल, जयप्रकाश नारायण वार्ड तुलसी नगर पार्क, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहीद अब्दुल हमीद वार्ड कटरा खेरमाई मंदिर, हनुमानताल वार्ड दुर्गा मंदिर के पास, संजय गांधी वार्ड वार्ड पार्षद कार्यालय हुसैनिया मस्जिद के पास, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड राम नगर मैदान, एवं पनागर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भगवान परशुराम वार्ड शासकीय स्कूल करमेता में शिविर आयोजित किये गए है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में आधार कार्ड, समग्र आई.डी. एवं खाता नम्बर लाना आवश्यक है। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं हितग्राहियों को शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की है।

## संतोष कुमार मिश्रा असाधु द्वारा अयोध्या और अवधपुरी विषय पर प्रस्तुत शोध पत्र को मिली सराहना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर पदस्थ व प्रसिद्ध धार्मिक चिंतक और आध्यात्मिक विषयों के विशेषज्ञ संतोष कुमार मिश्रा 'असाधु' ने पिछले दिनों चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान काशी, का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या और त्रिदण्डि देव संस्कृत महाविद्यालय अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में अयोध्या नगरी में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'लोके रामायण' में 'भौतिक जगत की अयोध्या और आध्यात्मिक जगत की अवधपुरी' विषय पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया।

संतोष मिश्रा 'असाधु' द्वारा अयोध्या व अवधपुरी के संबंध में की गई विवेचना एवं प्रस्तुत किये गये तथ्य, उनकी रोचकता और प्रामाणिकता पर उपस्थित विद्वतजनों द्वारा प्रशंसा व सराहना की गई। इस वृहद राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से और प्रतिष्ठित संस्कृत महाविद्यालयों के प्राध्यापकों, विद्वान प्राध्यापकों, शोधार्थी और प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संगोष्ठी में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भी ऑनलाइन सहभागिता की।

इसके पूर्व भी संतोष मिश्रा 'असाधु' को रामायण विषय पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कई कार्यक्रम में सम्मानित किया जा चुका है।

# निशुल्क आयुर्वेदिक नाड़ी चिकित्सा शिविर में सेकड़ो लोग पहुंचे






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वर्गीय जमना प्रसाद अग्रवाल जी एडवोकेट की स्मृति में चंचला बाई कॉलेज के सामने गोल बाजार में भगवान धनवंतरी पूजन से निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का सम्पन्न हुआ जिसमें सैकड़ो मरीजों का शुगर बीपी ऑक्सीजन एवं हड्डियों की जांच की गई साथ में सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई । इस अवसर पर प्रसिद्ध वैद्य रविंद्र कुमार , वैद्य गणेश प्रसाद , वैद्य अभिजीत सिंह परिहार आदि के द्वारा नाड़ी परीक्षण किया गया । साथ में विश्वहिन्दू परिषद के वरिष्ठ प्रचारक श्री जुगराजधार द्विवेदी , भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल , जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनीष मिश्रा , योगेंद्र दुबे , अखिलेश दीक्षित , राजेंद्र चौधरी , रिजवान अंसारी आदि की उपस्थिति में शिविर का समापन हुआ ।

## रमेश कुमार कैत मुख्य न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का सम्मान समारोह आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज दिनांक 17.12.2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री सुरेश कुमार कैत का उनके मध्यप्रदेश में उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश की हैसियत से पदभार ग्रहण करने पर मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ द्वारा उनका सार्वजनिक अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्य न्यायाधीश श्री सुरेश कुमार कैत, पोर्टफोलिया न्यायाधीश न्यायाधिपति श्री सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी, जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री आलोक अवस्थी, रजिस्ट्रार जनरल श्री धरमिंदर सिंह, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री मनीष मिश्रा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर एवं मोमेंटों प्रदान कर मुख्य न्यायाधीश का सम्मान किया गया। कार्यकम के संगीतमय कार्यकम से प्रसन्न होकर मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं भी एक गीत सुनाकर सभा को आनंदयमय कर दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों की ओर से अपनी मूलभूत समस्याओं से भी विव अवगत कराया गया जिसे जल्द से जल्द पूरा करने हेतु आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम में महमूद अहमद अंसारी, लोकेश सेलट, अचिन उसरेटे, राजेश शिवहरे, इफतेखार अली रिजवी, मोहम्मद अख्तर, शरद व्यास, बरसागर श्रीवास्तव, मनोज भाारद्वाज, जफर, रवि शंग्रपवार, नीरज राज गर्ग का विशेष योगदान रहा।

## एस.एस.चितौड़िया का निधन



जबलपुर। एस.एस. चितौड़िया 84वर्ष सीनियर एडवोकेट,आदर्श कन्या शाला प्रेमनगर निवासी का निधन हृदय गति रुक जाने के कारण दिनांक 18 दिसंबर को हो गया है वे अमित चितौड़िया के पिताजी थे उनका अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्तिधाम जबलपुर मैं हुआ

## एमपी ट्रांसको में ली गई ऊर्जा संरक्षण की शपथ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी ट्रांसको ( एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी) में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत कंपनी के प्रबंध संचालक सहित मुख्यालय जबलपुर के सभी विभागाध्यक्ष तथा मध्य प्रदेश के अधीक्षण अभियंता स्तर तक के अधिकारियों ने स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर के कान्फ्रेन्स हाल में ऊर्जा संरक्षण की शपथ ली। कार्यपालन अभियंता श्रीमती क्षमा शुक्ला ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलवाई .।

शपथ ली गई कि सभी स्वयं भी ऊर्जा संरक्षण करेंगे एवं इसके लिए अपने आस-पास अन्य को ऊर्जा बचत हेतु प्रेरित भी करेगें। साथ ही पर्यावरण बचाने के लिए हर सम्भव कोशिश करने की शपथ भी ली गई।

## रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 06 - 06 ट्रिप निरस्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार गाड़ी संख्या 01665 को दिनांक 03.01.2025 से रानी कमलापति स्टेशन से एवं गाड़ी संख्या 01666 को 05.01.2025 अगरतला स्टेशन से आगामी आदेश तक चलाने का निर्णय लिया गया था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से इस गाड़ी को दोनों दिशाओं में 06 - 06 ट्रिप निरस्त किया गया है, विस्तृत जानकारी इस प्रकार है ् ट्रेन संख्या 01665 रानी कमलापति- अगरतला साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 09.01.2025, 23.01.2025, 30.01.2025, 06.02.2025, 13.02.2025 एवं 20.02.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति से निरस्त रहेगी।

ट्रेन संख्या 01666 अगरतला - रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल, दिनांक 12.01.2025, 26.01.2025, 02.02.2025, 09.02.2025, 16.02.2025 एवं 23.02.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन अगरतला से निरस्त रहेगी। इस संबंध में यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# नॉन इंटर लॉकिंग कार्यों के चलते गाड़ियाँ प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जफराबाद खण्ड पर अयोध्या कैंट स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को शार्ट टर्मीनेट/ओरिजिनेट या मार्ग परिवर्तित किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है ् मार्ग परिवर्तित गाड़ियाँ ् 1. गाड़ी संख्या 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस 09 ट्रिप दिनांक 19, 20, 22, 26, 27, 29 दिसम्बर, 02, 03, एवं 05 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 13237 पटना-कोटा एक्सप्रेस 09 ट्रिप दिनांक 21, 22, 24, 28, 29, 31 दिसम्बर, 04, 05, एवं 07 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 09-09 ट्रिप अपने पूर्व मार्ग के बजाय लखनऊ-सुल्तानपुर-जफराबाद होकर जाएगी । 2. गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग- नौतनवां एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 19, 26 दिसम्बर एवं 02 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 18206 नौतनवां - दुर्ग एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 21, 28, दिसम्बर एवं 04 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप अपने पूर्व मार्ग के बजाय मानिकपुर - प्रयागराज छिवकी - वाराणसी - जौनपुर - ओंरिहार होकर जाएगी । 3. गाड़ी संख्या 15023 गोरखपुर - यशवंतपुर एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 24, 31 दिसम्बर एवं 07 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 15024 यशवंतपुर - गोरखपुर एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 19, 26, दिसम्बर एवं 02 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप अपने पूर्व मार्ग के बजाय गोरखपुर - गोंडा - बाराबंकी होकर जाएगी । 4. गाड़ी संख्या 15101 छपरा - एलएलटी एक्सप्रेस 02 ट्रिप दिनांक 24 एवं 31 दिसम्बर को एवं गाड़ी संख्या 15102 एलएलटी - छपरा एक्सप्रेस 02 ट्रिप दिनांक 19 एवं 26 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 02-02 ट्रिप अपने पूर्व मार्ग के बजाय छपरा - गोरखपुर - गोंडा - बाराबंकी - ऐशबाग - कानपुर सेंट्रल होकर जाएगी ।

शार्ट टर्मीनेट/ओरिजिनेट गाड़ियाँ ् 1. गाड़ी संख्या 22129 एलटीटी- अयोध्या कैंट तुलसी एक्सप्रेस 05 ट्रिप दिनांक 22, 24, 29, 31 दिसम्बर एवं 05 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 22130 अयोध्या कैंट - एलटीटी एक्सप्रेस 05 ट्रिप दिनांक 23, 25, 30 दिसम्बर तथा 01 एवं 06 जनवरी को सुल्तानपुर स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट / टर्मीनेट होगी ढ्ढ 2. गाड़ी संख्या 22183 एलटीटी- अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 06 ट्रिप दिनांक 18, 21, 25, 28 दिसम्बर एवं 01 व 04 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 22184 अयोध्या कैंट - एलटीटी एक्सप्रेस 06 ट्रिप दिनांक 19, 22, 26, 29 दिसम्बर तथा 02 व 05 जनवरी को सुल्तानपुर स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट / टर्मीनेट होगी ढ्ढ

निम्न दो जोड़ी गाड़ियां मार्ग परिवर्तन के साथ साथ सुल्तानपुर स्टेशन से शार्ट ओरिजिनेट / टर्मीनेट होगी ्

1. गाड़ी संख्या 22103 एलटीटी- अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 23, 30 दिसम्बर एवं 06 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 22104 अयोध्या कैंट - एलटीटी एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 24, 31, दिसम्बर एवं 07 जनवरी को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात यह गाड़ी दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप इस मार्ग पर अपने पूर्व मार्ग के बजाय जफराबाद-जौनपुर सिटी - सुल्तानपुर होकर जाएगी । 2. गाड़ी संख्या 22613 रामेश्वरम - अयोध्या कैंट श्रद्धा सेतु एक्सप्रेस 03 ट्रिप दिनांक 24, 31 दिसम्बर एवं 07 जनवरी को एवं गाड़ी संख्या 22614 अयोध्या कैंट - रामेश्वरम एक्सप्रेस 02 ट्रिप दिनांक 22, 29 दिसम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी परिवर्तित मार्ग से होकर जाएगी अर्थात अपने पूर्व मार्ग के बजाय जफराबाद-जौनपुर सिटी - सुल्तानपुर होकर जाएगी । इस संबंध में यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशनों, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग और आपूर्ति का नया रिकार्ड दर्ज

**मांग-18695 मेगावाट, आपूर्ति-3368.56 लाख यूनिट**

जबलपुर । मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का नया रिकार्ड आज 18 दिसंबर को प्रात 9.34 बजे उस समय बना जब विद्युत की शीर्ष मांग 18695 मेगावाट पहुंच गई। वहीं प्रदेश में गत दिवस 17 दिसंबर को इतिहास की सर्वाधि?क विद्युत आपूर्ति 3368.56 लाख यूनिट की गई। इस प्रकार प्रदेश में एक दिन के अंतराल में विद्युत की मांग व आपूर्ति दोनों का रिकार्ड कायम हुआ। विशेष बात यह रही कि प्रदेश में सर्वाधिक बिजली की मांग की आपूर्ति शतप्रतिशत रूप में की गई। दिसंबर माह में प्रतिदिन बढ़ रही बिजली की मांग-प्रदेश में दिसंबर माह में विद्युत की मांग प्रतिदिन लगातार उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है। गत दिवस 17 दिसंबर को विद्युत की मांग 18611 मेगावाट, 16 दिसंबर को 18524 मेगावाट व 13 दिसंबर को 18444 मेगावाट दर्ज हुई। प्रदेश में कैसी रही बिजली की मांग-प्रदेश में जब बिजली की मांग 18695 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 4998 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 5898 मेगावाट और मध्यप्रदेश पश्चि?म क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में बिजली की अधि?कतम मांग 7403 मेगावाट दर्ज हुई। रेलवे को 396 मेगावाट बिजली प्रदाय की गई।

## कच्चे टूटे मकान में रहने को मजबूर वृद्धा, कलेक्टर कार्यवाही कर प्रतिवेदन दें- आयोग




जबलपुर। शहर के महर्षि अरविंद वार्ड छुई मोहल्ला निवासी एक वृद्धा को कच्ची मिट्टी के टूटे हुये घर में रहने का मामला सामने आया है। नगर निगम की तरफ से सर्वे हुआ था, जिसमें अधिकारियों ने वृद्धा के घर के लिये 15000 रूपये मुआवजा तय किया था, परंतु अभी तक यह राशि नहीं मिली है। इस कारण वृद्धा को कच्चे टूटे मकान में रहना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक?टर से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्?ताह में मांगा है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

N.I.T. NO..... / PWD/16/PRO No.393 Dated 18 / 12 / 2024

### द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD _ 388119_1 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत हनीफ अलमारी से लेकर सम्मू बाबा के घर के आगे तक नाला निर्माण कार्य। | 04 माह<br>11.18 लाख | 2000/-<br>8391/- | 01.01.2025 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, ( लोककर्म ) नगर निगम जबलपुर



भोपाल -राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये आबकारी नीति के निर्धारण एवं समय-समय पर अनुषांगिक विषयों पर निर्णय लेने के लिये मंत्रि-परिषद समिति का गठन किया गया है। समिति में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत को मनोनीत किया गया है।






## मध्यप्रदेश के वन, वनोपज और वन्य-प्राणी प्रदेश की पहचान -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्यप्रदेश वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य- राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन संपदा की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहां पर औषधीय जड़ी-बूटियों का समृद्ध भंडार है। कोविड महामारी ने विश्व को आयुर्वेद के महत्व से पुनः परिचित कराया है। उन्होंने महामारी के दौरान मरीजों के ईलाज के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण कार्य के लिए प्रदेश सरकार की सराहना की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि वन मेले का आयोजन, वन संसाधनों की महत्ता, उनके संरक्षण और संवर्धन की जागरूकता प्रसार की दिशा में सुखद संकेत है। राज्यपाल श्री पटेल 10वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हितग्राहियों को लघु वनोपज संघ अंतर्गत प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि का वितरण किया। वन एवं राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ द्वारा 10वां अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का लाल परेड ग्राउंड भोपाल में 17 से 23 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपना महत्व है, लेकिन वनों से प्राप्त औषधियों की विशेष उपयोगिता है। कोरोना के कठिन समय में आयुर्वेद ने लोगों के जीवन बचाने में मदद की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा दिया है। अब चिकित्सा जगत में फिर से आयुष का महत्व बढ़ा है। वन मेले जैसे आयोजन इस नाते बहुत महत्व रखते हैं। वास्तव में यह अंतर्राष्ट्रीय वन मेला अनोखा है। इस मेले की शुरूआत 2001 से हुई और धीरे-धीरे यह प्रदेश से आगे बढ़कर देश तक और फिर वैश्विक हो गया। मेले ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आम तौर पर वन और वन-सम्पदा से मेलों का इतना विस्तार होना हम सब के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में 10वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेले को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे प्रदेश की वन सम्पदा विशिष्ट है। हम तो सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां वन सम्पदा, वनों का आंतरिक वातावरण भी विशेष है और प्रदेश के वनों की अलग पहचान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन्य प्राणी हमारे जंगल के आभूषण होते हैं, जिनके कारण जंगल की शोभा होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश चीतों को पुनर्स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है। वन्य जीव परम्परा में सभी प्रकार के टाइगर, तेंदुआ, चीता का महत्व है। टाइगर में हम देश में नम्बर वन पर है। वास्तव में पुनर्स्थापना में मध्यप्रदेश की भूमि का चयन होना हमारे लिये गर्व की बात है। जो चीते सम्पर्णू एशिया से ही गायब हो गए थे। इसके लिए वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी बधाई के पात्र हैं। वन विभाग ने यह अनोखा प्रयोग किया है। इस प्रयोग के अच्छे परिणाम उनके लिये आ रहे हैं। धीरे-धीरे हमारे यहाँ नए-नए मेहमान आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है वे कि मध्यप्रदेश का वातावरण अनुकूल हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के वनवासी भी वनों की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सिंचाई, उद्योग क्षेत्र और पेयजल की दृष्टि से महत्वपूर्ण पार्वती-काली सिंध-चम्बल परियोजना के लिए आज जयपुर में त्रिपक्षीय अनुबंध का अवसर दिया। केंद्र सरकार द्वारा परियोजना के लिए 90 प्रतिशत राशि प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 दिसम्बर से प्रारंभ हुए जनकल्याण पर्व की गतिविधियां 26 दिसम्बर तक चलेंगी। प्रतिदिन प्रदेशवासियों को एक नई सौगात दी जा रही है। हाल ही में राजधानी के निकट लोकार्पित अभ्यारण का नाम पुरातत्वशास्त्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से आहवान किया कि वे वन मेले में प्रदर्शित औषधियों को खरीदें और लाभ प्राप्त करें। उन्होंने वन विभाग को श्रेष्ठ आयोजन के लिए बधाई दी। प्रारंभ में राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन, विदिशा, सिवनी और अन्य जिलों से आए 9 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की बोनस राशि के चेक प्रदान किए।

वन्य राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि यह मेला दिव्यता और भव्यता का प्रतीक है। राज्य सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय तीन हजार रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा किया है। विभाग में अनुकंपा नियुक्ति, दुर्घटना पर राहत राशि के महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कार्यक्रम में विधायक श्री भगवान दास सबनानी, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। प्रारंभ में लघुवनोपज संघ के एमडी श्री विभाष ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया।

अतिथियों को बांस की टोकरी एवं अन्य वन्य उत्पाद, स्मृति चिन्ह के रूप में दिए गए। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन मेले में विभिन्न स्टाल्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज के पारम्परिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए जनजातीय लोक कलाओं से जुड़े कलाकार दल से भेंट एवं चर्चा की।

# इंदौर मॉडल को पूरे प्रदेश में पहुंचाने का प्रयास-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यापार, वाणिज्य, उद्योग क्षेत्र के साथ ही अन्य क्षेत्रों में इंदौर की महत्वपूर्ण भूमिका है। सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर निवेश के विभिन्न क्षेत्रों में इंदौर में आने वाले कल की आहट सुनकर विकास पथ पर कदम बढ़ाए हैं। इसलिए इंदौर मध्यप्रदेश का सिरमौर है। इंदौर एक ग्लोबल सिटी है। चाहे यहां खान-पान की बात हो, कला जगत की बात हो, परम्पराओं को सहेजने की बात हो या फिर स्वच्छता में सबसे आगे रहने की। इंदौर एक मॉडल है। इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और समिट के इंदौर मॉडल को पूरे प्रदेश में पहुंचाया गया है। प्रदेश के विभिन्न संभागों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर मध्यप्रदेश के तीव्र विकास को गति देने की पहल हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअली जुड़कर इंदौर में एनआरआई फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस समिट में 29 देशों के 128 प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नदी जोड़ो परियोजनाओं का पहला प्रयोग कर एक रिकार्ड बनाया है। मध्यप्रदेश दोनों परियोजनाओं में शामिल है।

केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मध्यप्रदेश के बड़े इलाके में पेयजल और सिंचाई के लिए बेहतर व्यवस्थाएं होंगी। समृद्धि के नए मार्ग खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज जयपुर में पार्वती-काली सिंध-चंबल परियोजना संबंधित त्रिपक्षीय अनुबंध हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा परियोजना के लिए 70 हजार करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह केन-बेतवा परियोजना पर लगभग एक लाख करोड़ रुपए व्यय होंगे, जिसकी स्वीकृति केन्द्र सरकार द्वारा दी गई। एशिया से लुप्त हो चुके चीतों की प्रजाति का संरक्षण करते हुए उन्हें मध्यप्रदेश में बसाया गया। अब तो भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है जिसमें शहर से चंद दूरी पर टाइगर घूमते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से भारत का 700 टन से अधिक सोना जो ब्रिटेन में था उसमें से 500 टन से अधिक वापस स्वदेश आ चुका है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन करते हुए वैश्वविक स्तर पर भारत की साख बढ़ाने में सफल हुए हैं। उन्होंने भारत को एक बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने का कार्य किया है। भारत की ग्रोथ अनेक क्षेत्रों में सर्वाधिक है।

## पीकेसी लिंक प्रोजेक्ट पर मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र ( मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट ) हस्ताक्षरित

भोपाल(आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार जयपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना पर मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित होने पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने प्रधानमंत्री श्री मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि यह परियोजना दोनों राज्यों में विकास के नए द्वार खोलेगी। इस परियोजना से न सिर्फ सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा अपितु उद्योगों और पर्यटन का विकास होने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस परियोजना का कार्य प्रदेश में नियत समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा परियोजना की सौगात मिलना प्रदेश के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। इस परियोजना से मालवा और चंबल क्षेत्र की तस्वीर एवं तकदीर बदलेगी। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की होगी। इस परियोजना से प्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाईं मुख्य नहर एवं वितरण तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के 1205 ग्रामों में 03 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों गुना, मुरैना, शिवपुरी, भिंड, श्योपुर, उज्जैन, सीहोर, मंदसौर, इंदौर, धार, आगर मालवा, शाजापुर और राजगढ़ जिलों के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना मध्य प्रदेश एवं राजस्थान दोनों राज्यों के किसानों और नागरिकों के लिए वरदान साबित होगी। इससे किसानों को भरपूर सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और विकास के नये द्वार खुलेंगे। परियोजना से दोनों राज्यों में समृद्धि आयेगी। परियोजना से मिलने वाले जल से किसान अपनी उपज को दोगुना कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार के साथ प्रदेश भी समृद्ध होगा।

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा की अध्यक्षता में हुई वाणिज्यिक कर विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक

भोपाल- (आरएनएस)उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा में वाणिज्यिक कर विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। समिति के सदस्य विधायक श्री प्रदीप लारिया, श्री जयंत मलैया, श्री अभय कुमार मिश्रा, श्री दिनेश राय मुनमुन, श्री मुकेश टंडन और विपिन जैन उपस्थित थे। बैठक में राजस्व संग्रहण बढ़ाने, वैट अंतर्गत कर निर्धारण जैसे मुद्दों के निराकरण, करदाताओं को उपलब्ध ऑनलाइन सुविधाओं, करदाताओं की सुविधा के लिए किए गए नवाचार, जीएसटी के अंतर्गत नए करदाताओं की सुविधा के लिए बनाए गए वेलकम किट जैसे विषयों पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सुविधाओं को और प्रभावकारी बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

इसके अलावा बैठक में दस्तावेज पंजीयन की प्रक्रिया के कंप्यूटरीकरण, विभागीय संपदा पोर्टल को और ज्यादा प्रभावी बनाने अन्य विभागों से इसका समावेश करने और संपदा पोर्टल का उन्नयन करने, सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने और मध्य प्रदेश स्टॉम्प नियम और रजिस्ट्रेशन अधिनियम में संशोधन करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा आबकारी, राजस्व और ई-आबकारी सॉफ्टवेयर बनाने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इन सुझावों को आगामी रणनीतियों में शामिल किया जाएगा।

## प्रदेश में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

# राष्ट्रीय राजमार्गों के समयबद्ध निर्माण के लिए प्रदेश सरकार दृढ़-संकल्पित- मंत्री सिंह



भोपाल(आरएनएस) लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मंगलवार को भोपाल निवास कार्यालय पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्ॆद्ब) के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, और आगामी कार्य-योजनाओं की समीक्षा की।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने बैठक में कहा कि प्रदेश में एनएचएआई की सभी प्रगतिरत परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के भीतर परियोजनाओं का पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है ताकि जनता को सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके। मंत्री श्री सिंह ने कहा की निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सड़क सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए।उन्होंने निर्माण संबंधी लंबित विषयों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के समयबद्ध निर्माण के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। मंत्री श्री सिंह ने परियोजनाओं में वन अनुमति और भू-अर्जन संबंधी समस्यायों के समाधान के लिए विभागों से आपसी समन्वय कर उनका निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चर्चा कर परियोजनाओं में आ रही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश के नागरिकों को न केवल बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यटन, उद्योग और व्यापार को भी नई दिशा मिलेगी।

# परिवहन से राजस्व आय 3 हजार 54 करोड़ रूपये हुई

भोपाल-(आरएनएस) परिवहन विभाग को इस वर्ष अप्रैल से नवम्बर 2024 तक 3 हजार 54 करोड़ रूपये की राजस्व आय प्राप्त हुई है। इस वर्ष प्रदेश में राज्य सरकार ने परिवहन से राजस्व आय का लक्ष्य 5 हजार 500 करोड़ रूपये का निर्धारित किया है। परिवहन विभाग को पिछले वर्ष 2023-24 में 4 हजार 606 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो वर्ष 2022-23 के मुकाबले 14.61 प्रतिशत अधिक रहा था। परिवहन विभाग की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये विभाग ने अनेक कार्य किये हैं। वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट और ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित अधिकतर सेवाओं एनआईसी के पोर्टल वाहन और सारथी माध्यम से फेसलेस रूप में शुरू की गई हैं। अब आवेदक को सेवा प्राप्त करने के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के बाद कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। विभाग ने अपनी 50 सेवाओं को फेसलेस किया है। परिवहन विभाग ने वाहन चेकिंग के दौरान पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से चेकिंग में वसूल किये जाने वाले राजस्व को केशलेस रूप में वसूल किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक से अनुबंध किया है। अनुबंध के बाद प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालयों एवं रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग पाइंट पर पीओएस मशीन उपलब्ध कराई हैं।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व की विकास प्रदर्शनी का मंत्री बागरी ने किया अवलोकन

डिण्डोरी।(आरएनएस) ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के तहत डिण्डोरी के आंनदम दीदी कैफ़े में लगायी गयी विकास प्रदर्शनी का राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास एवं जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिमा बागरी ने अवलोकन किया, प्रदर्शनी एक वर्ष की उपलब्धि को परिलक्षित करती है।

प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के हितग्राहियो तक पहुंच, सुशासन के ओर बढ़ते कदम, प्रदेश में पर्यटन के बढ़ावा देती सुविधाओं, राजस्व प्रकरणों के समाधान में साइबर तहसील के योगदान, कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता आदि को प्रदर्शित किया गया है, जो विकास की ओर बढ़ते मध्य प्रदेश को बताता है। मंत्री बागरी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी सरकार की उपलब्धियों के साथ जनजागरूकता को बढ़ाती है,जिससे की योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी भी प्राप्त हो सके।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, जिला भाजपा अध्यक्ष अवध राज बिलैय्या, डिण्डोरी जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, करंजिया जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे, नरेंद्र राजपूत, पंकज टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय मंत्री कुशवाह नई दिल्ली में राष्ट्रीय सलाहाकार बोर्ड बैठक में शामिल हुए

भोपाल।(आरएनएस) ।सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने रविवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड की सातवीं बैठक में भाग लिया। बैठक केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।इस बैठक में दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए प्रयासों पर चर्चा की गई।

मंत्री कुशवाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। मंत्री कुशवाह ने कहा कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के उत्थान हेतु चलाई जा रही योजनाओं और नवाचारों की जानकारी भी साझा की। बैठक में दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

## मध्यप्रदेश-राजस्थान के किसानों की तकदीर बदलेगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना

# किसान भाई यूरिया से बचे और जैविक खेती की ओर रूख करें-मंत्री विजयवर्गीय



भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश और राजस्थान को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने वाली पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिये त्रि-स्तरीय अनुबंध प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आज जयपुर में हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के स्वप्न को साकार करने प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच समझौता कराते हुए पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को मूर्त रूप दिया। यह परियोजना मध्यप्रदेश के देवास, गुना, शिवपुरी, सीहोर, राजगढ़, उज्जैन, आगर-मालवा, इंदौर, शाजापुर, मंदसौर एवं मुरैना के किसानों को सिंचाई के लिये भरपूर पानी और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आने के साथ उनकी फसलें भी लह-लहा उठेंगी। देवास जिले में जिला स?तरीय किसान सम?मेलन टोंकखुर्द के मंडी प्रांगण में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में हुआ। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन?द्र मोदी ने इतनी बड़ी योजना की सौगात दी है कि सोनकच्छ क्षेत्र का एक खेत भी ऐसा नहीं रहेगा जहां पर पानी नहीं पहुंचेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के अंतर्गत रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना से किसानों के खेत में पानी पहुँचेगा तो किसान चार-चार फसल ले पाएंगे। उन?होंने कहा कि किसान भाई रसायनिक खाद से बचे और जैविक खेती की और रुख करें। रासायनिक खाद के उपयोग से गांव-गांव तक शुगर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पहुँच रही है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि केन?द्र और प्रदेश सरकार किसान, महिला सशक्तिकरण, गरीब और युवाओं के कल्याण के लिए तेजी से कार्य कर रही है। स?व-सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जा रहा है। उन?होंने कहा कि देवास जिले की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को स?व-सहायता समूह से जोड़ा जाएगा।

पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना अंतर्गत रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना अनुमानित लागत 02 हजार 182 करोड़ रूपये है। रणजीत सागर कॉम्पलेक्स सिंचाई परियोजना से 36 हजार 500 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। इससे 74 गाँव लाभान्वित होंगे, जिसमें देवास जिले के 68 गांव और उज?जैन जिले के 6 गांव शामिल है। इस परियोजना से मुख्य रूप से देवास जिले में सिंचाई, पेयजल, मत्स्य पालन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी का व्रत रखने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन व्रत रखें, दिनभर निराहार रहें और भूखे रहना संभव न हो तो फलाहार करें। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य दें और गणेश पूजन करके व्रत पूरा करें। इस दिन जरूरतमंद लोगों को ऊनी कपड़े, भोजन और दक्षिणा दान करें। गणेश चतुर्थी पर पूरे परिवार के साथ गणेश पूजा करने से घर में सुख-शांति और एकता बनी रहती है।



## सभी पक्ष गंभीर पहलू पर विचार करें

यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है। संसद की कार्यवाही ना चलने देने के मुद्दे पर आखिरकार सरकार अपनी मनवाने में सफल रही। यह संभव हुआ, क्योंकि विपक्षी दलों के बीच रणनीति को लेकर बिखराव हो गया। अडानी और मणिपुर जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करने की कांग्रेस की प्राथमिकता से क्षेत्रीय दलों के मतभेद इतने गहराए कि वह अलग-थलग पड़ गई। उन दलों की अपनी प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें सदन में उठाकर अपने समर्थक तबकों को वे संदेश देना चाहते हैं। वैसे भी किसी बड़े पूंजीपति के मुद्दे पर एक सीमा से ज्यादा जोर देना ज्यादातर दलों को अपने माफिक नहीं लगता। यह बात शायद ही किसी के गले उतरेगी कि दोनों सदनों में संविधान के 75 साल पूरा होने के मौके पर दो-दो दिन की बहस या समाजवादी पार्टी को संभल के मुद्दे पर बोलने का मौका देना सरकार का झुकना है। संविधान के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार को खतरा बताने की विपक्ष- खासकर कांग्रेस की रणनीति वैसे भी परवान नहीं चढ़ी है। हकीकत यह है कि संविधान को आरक्षण के समानार्थी बताते हुए इसके रक्षक के रूप में खुद को पेश कर विपक्ष ने भी इस मुद्दे के साथ न्याय नहीं किया है। पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व एवं पहचान के मुद्दे पर भाजपा को घेरना एक भटकी रणनीति साबित हुई है। इसीलिए इसका चुनावी लाभ भी ये दल नहीं उठा पाए हैं। चूंकि विपक्षी दल अपनी एकता के लिए बड़े साझा मकसद की तलाश नहीं कर पाए हैं, इसलिए संसदीय गतिरोध की रणनीति का जो हश्र हुआ, उसका अनुमान लगाया जा सकता था।

# अपनों के निशाने पर आने के बाद क्या अब नीतियों में बदलाव लाएगी कांग्रेस?

संविधान पर संसद में विशेष बहस पर अपने नेताओं प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी के भाषणों को लेकर जिस वक्त कांग्रेस गद्गद् हो रही थी, उसी वक्त उस पर कश्मीर की वादियों से सियासी गर्मी का जबर्दस्त झोंका आया। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस को सीधे-सीधे सलाह दे डाली कि ईवीएम का रोना छोड़ो और अपनी हार को स्वीकार कर लो। दिलचस्प यह है कि लोकसभा के अपने पहले भाषण में संविधान पर चर्चा के दौरान प्रियंका वाड्रा ने कहा था कि ईवीएम हटा दो, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रियंका के इस बयान के ठीक बाद सामने आए उमर अब्दुल्ला के ये शब्द महज बयान नहीं है, बल्कि इसके कई राजनीतिक अर्थ हैं।

उमर के इस बयान को ममता बनर्जी और रामगोपाल यादव की अभिव्यक्ति की अगली कड़ी के रूप में रखा जा सकता है। यहां एक बार फिर दोहरा देना उचित ही होगा कि इंडिया गठबंधन के अघोषित अगुआ को रूप में राहुल गांधी को नकार चुकी हैं और समाजवादी पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव कांग्रेस की अगुआई को ही नकार चुके हैं। उमर अब्दुल्ला ने अपने बयान के जरिए एक तरह से साफ कर दिया है कि कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व में उनका भरोसा नहीं है। आज की राजनीति जिस बिंदु पर पहुंच चुकी है, उसमें अगुआ की हर गलत-सही बात का समर्थन करना ही अनुयायियों की पहली शर्त बन गई है। तार्किक

आधार पर समर्थन और विरोध की सोच को हमारे समाज ने सिरे से नकार दिया है। यह नकार राजनीति में सबसे ज्यादा नजर आता है। अगुआ की बात को अनुयायी ने स्वीकार नहीं किया तो उसे सीधे-सीधे नाफरमानी या अनुशासनहीनता माना जाता है। दलीय व्यवस्था में ऐसे नकार की सजा निष्कासन और निलंबन तय है। चूंकि इंडिया गठबंधन औपचारिक कोई दल नहीं, बल्कि दलों का समूह है, लिहाजा यहां वैसी अनुशासनिक व्यवस्था नहीं है। इसके बावजूद मोटे तौर पर गठबंधनों के बीच एक समझ रही है कि गठबंधन और उसके अगुआ की सेहत पर असर ना पड़े, ऐसी बयानबाजी से दूर रहा जाए।

लेकिन ममता बनर्जी, रामगोपाल यादव और उमर अब्दुल्ला के बयान के संदेश साफ हैं। संदेश यह है कि कांग्रेस की अगुआई में उन्हें नरेंद्र मोदी को चुनौती दे पाने की ताकत राहुल गांधी में नहीं दिखती। इन बयानों का एक संदेश यह भी है कि राहुल गांधी की अगुआई में इन दलों का कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर कोई भविष्य नहीं है। लेकिन उमर अब्दुल्ला इससे आगे का भी संकेत दे रहे हैं। ईवीएम के बहाने वे कांग्रेस को यह भी संदेश दे रहे हैं कि 'मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू' की वैचारिक सोच वाली राजनीति लंबे समय तक नहीं चल सकती। यह कैसे हो सकता है कि जिस ईवीएम के सहारे आप अमेठी और वायनाड जीतने के बाद आप जश्न में डूब सकते हैं, जिसके सहारे 55 से 99 सीटों पर पहुंच जाते हैं तो इसे अपनी भारी जीत बताते हैं, जिस ईवीएम के ही सहारे जब आप कर्नाटक, हिमाचल और झारखंड और यहां तक कि कश्मीर जीत जाते हैं तो इसे नरेंद्र मोदी की हार बताने लगते हैं, लेकिन अगर चुनावी रणनीति में मात खाने के बाद सत्ता की दौड़ में पीछे रह जाते हैं तो ईवीएम को दोषी ठहराने लगते हैं। यह दोहरापन नहीं चलने वाला। इसे जनता भी समझने लगी है।

अगर ईवीएम पर इतना ही संदेह है तो संदेह करने वाले दलों को चाहिए कि वे ईवीएम के जरिए होने वाले चुनावों का बहिष्कार करें। इसके बाद अगर चुनाव होगा तो निश्चित है कि इस चुनाव की पवित्रता सवालों के घेरे में आ जाएगी। अगर ईवीएम पर संदेह करने वाले दल चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो जाएं तो विपक्ष विहीन चुनाव को जनता भी स्वीकार नहीं कर पाएगी और उस चुनाव को सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग नहीं माना जा सकेगा। ऐसे में सरकार और चुनाव आयोग दबाव में आ सकते हैं। लेकिन ऐसा करने के लिए ईवीएम पर संदेह करने वाले दलों में साहस होना चाहिए। दुर्भाग्य से ऐसा साहस कोई दल दिखाता नजर नहीं आ रहा। इसकी वजह यह है कि कोई भी दल संसदीय राजनीति के उस रसूख को छोड़ने का साहस नहीं रखता, जो उसे सांसद या विधायक बनने के बाद हासिल होता है। इन दलों और उनके नेताओं को पता है कि संसद और विधानमंडल से बाहर रहने के बाद उनकी बातें गौर से सुनीं नहीं जातीं और उनके शब्दों को तवज्जो भी नहीं मिलता। इसलिए वे ईवीएम पर सवाल भी उठा रहे हैं और उसी ईवीएम के जरिए संसदीय कुर्सियों पर भी काबिज रहना चाहते हैं। यह भी एक तरह से चारित्रिक दोहरापन ही है और उमर अब्दुल्ला का यह बयान उस दोहरापन से खुद को अलग करने की कोशिश भी हो सकता है। वैसे कांग्रेस के लोगों से ऑफ द रिकॉर्ड बात कीजिए तो वे भी मानते हैं कि चाहे ईवीएम का मुद्दा हो या किसानों का आंदोलन, उनके लिए सिर्फ कवरअप के मुद्दे हैं। कवरअप यानी बचाव का मुद्दा। पार्टी के अंदरूनी सूत्र भी मानते हैं कि जिन कृषि कानूनों के विरोध में कांग्रेस राजनीति कर रही है, उन्हें उसकी ही सरकार ने तैयार किया था। ईवीएम का चलन 2004 में पूरी तरह शुरू हुआ। जिसमें कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए को जीत मिली थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे। तब तो कांग्रेस को यह जीत बहुत पसंद आई थी।

## सरकार ओसीसीआरपी की साख पर सवाल उठा रही

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर आरोप है कि वे देश में विकास को बाधित कर रहे हैं, निवेश रोकना चाहते हैं, देश को बदनाम कर रहे हैं आदि आदि। सवाल है कि क्या गौतम अडानी के खिलाफ कोई बात कहना देश के खिलाफ बोलना हो गया? पहले तो भाजपा और केंद्र सरकार के इकोसिस्टम ने यह नैरेटिव बनाया कि सरकार के खिलाफ या नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ बोलना होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री और सरकार को ही देश बना दिया। अब क्या नरेंद्र मोदी वाली स्थिति ही गौतम अडानी की भी देश में बना रहे है, जो उनके खिलाफ बोलने को भी देश के खिलाफ बोलना कहा जाएगा? इसी तरह दूसरा सवाल यह है कि ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट यानी ओसीसीआरपी की किसी रिपोर्ट का हवाला देना देश विरोधी कैसे हो गया? यह संस्था तो पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के मामले खोलती है। इसका मतलब है कि संस्था भ्रष्टाचार विरोधी है। तो भ्रष्टाचार विरोधी संस्था भारत विरोधी संस्था कैसे हो गई? संस्था की रिपोर्ट भ्रष्टाचार के खिलाफ है और हम कह रहे हैं कि भारत के खिलाफ है। भाजपा का राहुल गांधी के ऊपर सबसे ज्यादा हमला इस बात को लेकर है कि उन्होंने ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का बार बार हवाला दिया है। इस संस्था ने पेगासस से जासूसी का मामला खोला था और अडानी समूह द्वारा शेयर बाजार में हेराफेरी का भी खुलासा किया था। संस्था ने जो खुलासा किया उसके मेरिट पर बात करने की बजाय सरकार संस्था की साख पर सवाल उठा रही है। बहरहाल, राहुल गांधी इस संस्था की रिपोर्ट का हवाला देकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं तो उनके एजेंडे पर सवाल उठाया जा रहा है और उनको देश विरोधी बताया जा रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि वे यह मुद्दा नहीं उठाएंगे तो दुनिया इसके बारे में नहीं जानेगी।

## घर बैठे पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है, पोर्टल संपदा 2.0 में

संतोष मिश्रा

मध्यप्रदेश में विकसित की गई ई-पंजीयन एवं ई-मुद्रांक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का नवीन संस्करण 2.0 विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिली है।

संपदा 2.0 से कोई भी व्यक्ति अब घर बैठे निर्धारित दस्तावेजों का पंजीयन कर सकता है। इसके लिये विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य्://ह्यड्डद्वश्चड्डस्त्रड्ड.द्वश्चद्बद्दह्र.द्दश1.द्बठ्ठ पर कोई भी व्यक्ति स्वयं पंजीकृत होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन अथवा ई-स्टाम्प जारी कर सकता है। राज्य सरकार ने इसकी प्रक्रिया को बहुत सरलीकृत कर दिया है। अब दस्तावेजों के पंजीयन के लिये कार्यालय आने अथवा सेवा प्रदाता की सेवाएं लेने की आवश्यकता नहीं रही है। संपदा 2.0 पोर्टल में पंजीयन कार्य करने वाले पक्षकारों की आधार बेस्ड ई-केवायसी होगा। इसमें पेन कार्ड का सत्पापन आयकर विभाग के इंटीग्रेटेड सिस्टम पर आधारित होगा। संपत्ति की पहचान यूनिक आईडी से की जा सकेगी। संपत्ति की जियो मैपिंग के आधार पर ही गाइडलाइन दर निर्धारित होगी। इस आधार पर स्वतः ही संपत्ति का मूल्यांकन हो जायेगा। इस सॉफ्टवेयर में ऑटोमेटिक प्रारूप आधारित लेखन की व्यवस्था की गई है। शुल्कों के भुगतान के लिये संपदा वॉलेट मौजूद है। समस्त भुगतान सायबर ट्रेजरी या संपदा वॉलेट से सिंगल क्लिक द्वारा किया जा सकता है। पोर्टल में दस्तावेजों के निष्पादन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल हस्ताक्षर आधारित किया गया है। ई-हस्ताक्षर के साथ ऑटोमेटिकली पक्षकारों का फोटो अटैच होने संबंधित प्रबंध भी सॉफ्टवेयर में किया गया है। संपदा 2.0 में चयनित दस्तावेजों के लिये फेसलेस पंजीयन का विकल्प भी उपलब्ध है। इसमें पंजीयन कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। दस्तावेजों के इलेक्ट्रॉनिकली प्रेजेन्टेशन एवं वर्चुअल फाइनल करने की सुविधा के साथ कार्यवाही के प्रमाणीकरण के लिये ओटीपी की सुविधा भी दी गई है। इसमें पंजीयन, रिटर्न, रिफ्यूजल की सुविधा भी इलेक्ट्रॉनिकली उपलब्ध है। यह पक्षकारों को वीडियो केवायसी से पंजीयन सुविधा भी देता है। इसमें दोनों मोड (असिस्?टेड एवं नॉन असिस्टेड) उपलब्ध है। पंजीकृत दस्तावेजों का केवल इलेक्ट्रॉनिक संस्करण ही संधारित किया जायेगा।

संपदा 2.0 पोर्टल में पक्षकार स्वयं या सेवा प्रदाता के सहयोग से संपत्ति का पंजीयन कर सकता है। इसमें खरीदी या बेचे जाने वाली संपत्ति की पहचान संबंधित विभाग द्वारा प्रदत्त यूनिक आईडी तथा नक्शे पर चिन्हांकित संपत्ति से की जाती है। पक्षकारों की पहचान आधार बेस्ड ई-केवायसी से होती है। पोर्टल में चयनित दस्तावेज के आधार पर विलेख स्वतः तैयार होता है। विलेख के प्रारूप पर इलेक्ट्रॉनिकली सहमति के बाद शुल्क का ऑनलाइन भुगतान होता है। इसके बाद आधार बेस्ड ई-साईन या डिजिटल साइन के द्वारा ऑनलाइन ही दस्तावेजों का निष्पादन हो होता है। संपदा 2.0 पोर्टल में पंजीकरण के लिये 3 विकल्प (पारंपरिक रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर, फेसलेस पंजीयन और रिमोट पंजीयन) उपलब्ध कराये गये है।

## बर्फबारी का लुत्फ उठना है, तो घूम आएं इन जगहों पर, मजेदार होगी ट्रिप

सर्दियों घूमने के लिए लोग अक्सर बर्फबारी देखने के लिए हिल स्टेशन पर जरुर जाते हैं। विंटर सीजन में स्नोफॉल का सभी को इंतजार रहता है। जिन लोगों ने काभी स्नोफॉल नहीं देखी वो यदि लाइव बर्फबारी का आनंद लेना चाहते हैं, तो पहाड़ों पर घूमने का प्लान बनाएं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि भारत में किन जगहों पर बर्फबारी हो रही है। जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। स्नोफॉल का मजा लेने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। अगर आप दिसंबर में कश्मीर में बर्फ का नजारा देखने जा रहे हैं तो सोनमर्ग, गुलमर्ग जा सकते हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक, 20 साल से ज्यादा समय के बाद दिसंबर की शुरुआत में शिमला में पहली बर्फबारी हुई है। शिमला में बर्फबारी का मजा लेने के लिए आप जा सकते हैं। यहां घूमने के लिए कई जगहें। बर्फीली जगहों का मजा लेने के लिए यहां जा सकते हैं। उत्तराखंड के औली में बर्फबारी शुरु हो चुकी है। अगर आप घूमने का प्लान बना रहे हैं, यहां जा सकते हैं। औली समेत बदरीनाथ, केदरनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, कैंचीधाम सहित अन्य चोटियों पर बर्फबारी हो रही है।

## पर्वत बचेंगे तभी मानव सभ्यता, संस्कृति और सेहत का बचाव

अखिलेश आर्येन्दु

भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में पर्वत देवता के रूप में पूजे जाते रहे हैं, लेकिन पहाड़ों के बेतहाशा दोहन से कई समस्याएं पैदा हुई हैं। हम भूल गए कि पहाड़ों के संरक्षण, सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल के अनुसार 84 प्रतिशत स्थानीय पर्वतीय प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। संयुक्त राष्ट्र दशक 2021-30 प्रकृति की गिरावट रोकना और वापस लाना दस साल की कोशिश है। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर धरती, पर्वत और हवा पर पड़ा है। धरती तेजी से गर्म हो रही है। मौसम असंतुलित हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं ज्यादा देखी जाने लगी हैं। पर्वतों का दोहन इतना अधिक किया गया कि दूसरी तमाम तरह की प्राकृतिक दुर्घटनाएं और समस्याएं आए दिन होने लगी हैं। पर्वतों के दोहन को बचाने और पर्वतों के महत्त्व को समझाने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2002 को 'अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस' मनाने की घोषणा की। हर साल 11 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाए जाने का मकसद पर्वतों का संरक्षण, सुरक्षा और उनके दोहन को रोकना है। जाहिर है पर्वत और इंसान का रिश्ता बहुत पुराना है। उतना पुराना जितना मानव सभ्यता। धरती का 27 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ों से ढका हुआ है। दुनिया के पंद्रह प्रतिशत आबादी का घर पहाड़ हैं, और दुनिया के लगभग आधे जैव विविधता वाले हॉटस्पाट की मेजबानी भी पहाड़ करते हैं। दुनिया की आधी आबादी के रोजमर्रा की जिंदगी बसर के लिए पानी उपलब्ध कराने का कार्य पहाड़ करते हैं। कृषि, बागवानी, पेय जल, स्वच्छ ऊर्जा और दवाओं की आपूर्ति पहाड़ों के जरिए होती है। दुनिया के अस्सी प्रतिशत भोजन की आपूर्ति करने वाली बीस पौधों की प्रजातियों में से छह की उत्पत्ति और विविधता पहाड़ों से जुड़ी है। आलू, जौ, मक्का, टमाटर, ज्वार, सेब जैसे उपयोगी आहारों की उत्पत्ति पहाड़ हैं। हजारों नदियों के स्रेत पहाड़ हैं। भारत में नदियों को ही पूजा नहीं जाता, बल्कि अनेक पहाड़ों की पूजा भी की जाती है। तमाम चमत्कारिक घटनाएं पहाड़ों से जुड़ी हैं। तमाम तरह की सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पहाड़ों से जुड़ी हैं। इसलिए पहाड़ों का संरक्षण हमारा कर्त्तव्य है। सृष्टि-उत्पत्ति के साथ सागर और पहाड़, दोनों मानवता के विकास के आधार रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे नई सभ्यता और संस्कृति के साथ विज्ञान का विकास होता गया वैसे-वैसे पहाड़ और सागर, दोनों प्रदूषित किए जाने लगे। आज हालत यह हो गई है कि पहाड़ और सागर, दोनों का वैभव खत्म होता जा रहा है।

## एकादशी व्रत को क्यों माना जाता है श्रेष्ठ

एकादशी का व्रत देवी एकादशी को समर्पित होता है। देवी एकादशी भगवान श्रीहरि विष्णु से उत्पन्न हुई हैं। एकादशी तिथि को भी एकादशी देवी का प्राकट्य हुआ है, उस तिथि को उत्पन्ना एकादशी के नाम से जाना जाता है। इसलिए जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु ने इनका नाम एकादशी रखा और इनको वरदान दिया कि एकादशी तिथि को व्रत करेगा और श्रीहरि की पूजा करेगा। वह जातक पाप से मुक्त होकर उत्तम लोक को प्राप्त होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एकादशी व्रत के महत्व और लाभ के बारे में बताने जा रहे हैं। पद्म पुराण में एकादशी व्रत का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। पद्म पुराण में बताया गया है कि पांडु पुत्र भीम ने जीवन में कभी कोई व्रत नहीं किया था। लेकिन वह अपनी मुक्ति को लेकर चिंतित थे। ऐसे में उन्होंने महर्षि वेद व्यासजी से पूछा कि वह कौन सा व्रत करें कि उनको मुक्ति मिल जाए। क्योंकि वह सभी व्रत कर पाने में असमर्थ हैं। तब महर्षि वेद व्यास ने भीम को एकादशी व्रत करने के लिए कहा था और इस व्रत की महिमा बताई थी।

## पीएम म्यूजियम से नेहरू के गायब लेटर्स पर प्रशासनिक कार्रवाई हो, सिर्फ सियासत नहीं!

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तिगत पत्रों को सार्वजनिक किए जाने यानी प्रधानमंत्री संग्रहालय को पुनः सुपुर्द करने को लेकर जो तल्ख सियासी बयानबाजी शुरू हुई है, उसके आधिकारिक लापरवाही वाले पहलुओं पर भी विचार किया जाना जरूरी है। क्योंकि लगभग 15 वर्ष बाद इस रहस्य से पर्दा उठा है। वहीं, इससे जवाहरलाल के प्रासंगिक सियासी कद का भी पता चलता है।

साहित्य मिजाजी राजनीतिज्ञ और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तिगत पत्रों को सार्वजनिक किए जाने यानी प्रधानमंत्री संग्रहालय को पुनः सुपुर्द करने को लेकर जो तल्ख सियासी बयानबाजी शुरू हुई है, उसके आधिकारिक लापरवाही वाले पहलुओं पर भी विचार किया जाना जरूरी है। क्योंकि लगभग 15 वर्ष बाद इस रहस्य से पर्दा उठा है। वहीं, इससे जवाहरलाल के प्रासंगिक सियासी कद का भी पता चलता है।

अब बीजेपी जिस तरह से नेहरू के लेटर्स को पीएम म्यूज़ियम को वापस करने के लिए विदेशी मूल की उनकी मनाती बहू, राज्यसभा सांसद व कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दबाव बढ़ा रही है और केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी बोल रही है कि ये पत्र देश की संपत्ति हैं, के राजनीतिक मायने स्पष्ट हैं। जबकि इसमें प्रशासनिक लापरवाही का पहलू भी समीचीन होना चाहिए। क्योंकि इससे हमेशा नामचीन व जिम्मेदार लोग ही जुड़े रहते हैं। आपको याद होगा कि आरएसएस और भाजपा से जुड़े लोग स्वतंत्रता सेनानी नेहरू और उनके वंशजों के राजनीतिक फैसलों और व्यक्तिगत जीवन पर तथ्यात्मक और मनगढ़ंत हमले करके कांग्रेस का बुरा हाल कर चुके हैं और यदि अपेक्षित पत्र भी उसके हाथ लग गए तो उनको सियासी हमले का पुख्ता आधार मिल जाएगा। यही वजह है कि गांधी परिवार ने भावनात्मक भूलों और तत्कालीन मजबूरियों से जुड़े सुबूतों पर कुंडली मारकर बैठने का फैसला किया है, क्योंकि लगभग 6 दशक तक उसने यहां तिकड़मी तौर पर शासन किया है।

हालांकि, उनकी जगह आए समाजवादियों व राष्ट्रवादियों ने भी कुछ वही किया और आज भी कमोबेश कर ही रहे हैं। इससे बहुतेरे कांग्रेसी पाप अब धूल चुके हैं। बता दें कि बीजेपी ने सोमवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गाधी से कहा कि उन्हें देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ओर से कई बड़ी हस्तियों को लिखी गई चिट्ठी को प्राइम मिनिस्टर म्यूजियम ऐंड लाइब्रेरी (क्कूरूरू) को लौटा देना चाहिए। क्योंकि ये ऐतिहासिक दस्तावेज देश की संपत्ति होते हैं न कि किसी की निजी संपत्ति। इस मामले को लेकर संसद में हंगामा भी हुआ। बीजेपी की ओर से सांसद संबित पात्रा ने सोमवार को लोकसभा में यह मुद्दा उठाया। पात्रा का दावा था कि नेहरू ने ये लेटर्स गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन की पत्नी एडविना माउंटबेटन, बाबू जगजीवन राम, जयप्रकाश नारायण, अरुणा आसफ अली, गोविंद वल्लभ पंत जैसे नेताओं और साइंटिस्ट अल्बर्ट आइंस्टाइन को लिखा था। बताया जाता है कि पीएमएमएल से जुड़े सदस्य रिजवान कादरी ने राहुल गांधी को लेटर लिखकर कांग्रेस के पास मौजूद जवाहरलाल नेहरू के अहम खतों को संग्रहलाय को सौंपे जाने की अपील की थी। यह लेटर 10 दिसंबर को लिखा गया था, जिसमें दस्तावेज लाने में राहुल गांधी से भी मदद मांगी गई।

बताया जाता है कि कांग्रेस की तरफ से अब तक कोई जवाब या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस पर बीजेपी ने सवाल उठाए कि आखिर इन खतों में ऐसा क्या था जिसे छुपाया जा रहा है। सवाल है कि पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के वे कौन कौन से खत थे और ये किसे लिखे गए थे जिन्हें वापस मांगा जा रहा है और कौन मांग रहा है? यही नहीं, सवाल है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के ढेरों खत जो कभी नेहरू मेमोरियल में सुरक्षित तौर पर रखे हुए थे, बाहर कैसे गए और इसके लिए कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।

बताया जाता है कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के ढेरों खत जो कभी नेहरू मेमोरियल में सुरक्षित तौर पर रखे हुए थे, जो अब वहां नहीं हैं। सवाल है कि न तो ये चोरी हुए हैं और न ही रखे-रखे नष्ट हो गए हैं, बल्कि इन्हें साल 2008 में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने अपनी सरकार के रहते मंगवा लिया था। हैरत की बात है कि इन्हें मंगवाने के डेढ़ दशक बाद भी लौटाया नहीं गया। जबकि केंद्र में लगभग 11 वर्षों से भाजपा की सरकार है और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री संग्रालय का स्वरूप भी बदल दिया है। इसके लिए जिम्मेदार व लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। खबर है कि पहले भी सितंबर 2024 में लेटर लिखकर मांगा गया था और अब एक बार फिर इन्हें देश की धरोहर बताते हुए वापस मांगा जा रहा है। राहुल को लिखे लेटर में यहां तक कहा गया है कि यदि वे ऑरिजिनल नहीं दे सकते तो डिजिटल या फोटोकॉपी ही भिजवा दें। लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं आया है। इसके बाद संसद में भी यह मुद्दा उछाल दिया गया। दरअसल जवाहर लाल नेहरू के ये पत्र केवल एडविना माउंटबेटन से ही जुड़े हुए नहीं हैं बल्कि अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजया लक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम आदि के बीच के संवाद भी इसमें शामिल हैं। इनमें लेडी माउंटबेटन (एडविना माउंटबेटन) को लिखे हुए खत भी हैं। यही वजह है कि 10 साल बाद जगी मोदी सरकार अब इस मसले पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी को आड़े हाथों ले रही है। बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि सोनिया गांधी ने इन खतों को गायब कर दिया है। यह पहली बार नहीं है कि नेहरू के खतों को लेकर बवाल मचा है। पहले भी एडविना माउंटबेटन और नेहरू के बीच हुए पत्राचार पर बीजेपी कांग्रेस को निशाने पर लेती रही है। ऐसे में गांधी परिवार का इन लेटर को मेमोरियल (जो कि अब प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय के नाम से जाना जाता है) से मंगवाना और फिर बार-बार कहने पर भी न लौटाना, संदेह पैदा करता है। गौरतलब है कि ये वे दस्तावेज हैं जो मेमोरियल को दान किए गए थे। इनमें नेहरू के एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन जैसी हस्तियों के साथ हुए पत्राचार है।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सामान की खरीदारी करेंगे।

वृष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र मददगार साबित होंगे।आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ़ होगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपका हर काम को बहुत अधिक सोच-विचार कर करना आपको सफलता देगा। किसी मित्र की मदद से उलझे कार्य सुलझ जाएंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा।जीवनसाथी की सलाह व सहयोग आपके लिए लाभदायक रहेंगे। आज काम का बोझ अधिक हो सकता है, लेकिन आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा।

सिंह राशि- आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी।आप आसपास के लोगों के सहयोग से घरेलु कार्य पूरा करने में सफल होंगे।आपको माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज कारोबारी दौड़भाग रहेगी।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा।आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको यात्रा से लाभ होगा।आज किसी मुश्किल मुकाम को मेहनत और परिश्रम से हासिल कर लेंगे, सिर्फ हर किसी पर भरोसा ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाया है। आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा।आज आपकी मेहनत व प्रयास के सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका काम करने का जुनून आपको निश्चित ही जल्द कोई उपलब्धि हासिल करवाएगा, लेकिन कोई भी बड़ा सौदा करने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल अवश्य करें।

धनु राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। कार्यस्थल पर काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आज किसी भी कार्य को लेकर थोड़ी सी सतर्कता रखने से आप कई परेशानियों से बच सकते हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस के सहकर्मी आपके कामों में सहयोग करेंगे, आपका काम जल्दी पूरा हो जायेगा

मीन राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। पारिवारिक कामों को करने में घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।अपने दोस्तों से निजी समस्याओं को शेयर करने से बचना



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( एसपी ) प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास आघाडी ( एमवीए ) की भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) नीत महायुति से हार के कुछ सप्ताह बाद हुई। पवार ने पश्चिमी महाराष्ट्र के फलटण के दो किसानों के साथ संसद में प्रधानमंत्री के कार्यालय में उनसे मुलाकात की और उन्हें किसानों के खेत से लाई गई अनार की एक पेटी भेंट की। हाल ही में, पवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में फरवरी में आयोजित होने वाले 98वें मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था।

# संसद में संविधान पर चर्चा, निर्मला सीतारमण का कांग्रेस पर बड़ा हमला

नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में भारतीय संविधान पर तीखी बहस के बाद आज (16 दिंसबर) से राज्यसभा में इस विषय पर दो दिवसीय चर्चा शुरू हुई।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसकी शुरुआत करते हुए कांग्रेस और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर तीखा हमला बोला।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नागरिक स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए बार-बार संविधान में संशोधन कर रही है। उन्होंने इंदिरा गांधी के बचाव के लिए भी संविधान में संशोधन किए जाने की बात कही।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, पिछले 7 दशकों में इस जीवित दस्तावेज यानी हमारे संविधान ने कई संशोधन देखे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की अंतरिम सरकार के तहत पहले संशोधन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगा दिया था।उन्होंने आगे कहा, यह पहला संशोधन प्रेस स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था और यह अभी भी मीडिया की स्वतंत्रता को प्रभावित कर रहा है। सांसदों के विरोध के बावजूद प्रधानमंत्री नेहरू ने यह संशोधन किया था।

सीतारमण ने कहा, आपातकाल के दौरान पारित 39वें संविधान संशोधन को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया था क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सत्ता खोने से डरती थीं। कांग्रेस ने परिवार और वंशवाद की मदद के लिए संविधान में बेशर्मी से संशोधन जारी रखा। संशोधनों का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना न होकर सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा करना था।उन्होंने कहा, कांग्रेस ने उस दौरान इंदिरा गांधी की सत्ता बचाने के लिए ही संविधान में संशोधन किया था।

सीतारमण ने कहा, कांग्रेस ने 1951 में संशोधन कर अभिव्यक्ति की आजादी पर कैंची चलाई। इसके बाद 1975 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में राजनारायण का मामला लंबित होने के बावजूद कांग्रेस ने 39वें संशोधन के जरिए यह प्रावधान जोड़ दिया कि राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के निर्वाचन को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। इसके लिए ही %किस्सा कुर्सी का% बैन कर दिया गया। यह सब कांग्रेस की सोची-समझी साजिश थी।

सीतारमण ने कहा, कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना में संशोधन कर सेक्यूलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़ दिए गए। पूरे विपक्ष को जेल में डालकर ऐसा किया गया था। लोकसभा में उनके कुछ सदस्यों ने भी इसका विरोध किया था।उन्होंने कहा, कांग्रेस ने विपक्ष के सदस्यों को जेल में डालकर ही 42वां संविधान संशोधन किया था। बाद में 1978 में मोरारजी देसाई की सरकार ने 42वें संशोधन के प्रावधान हटाने के लिए 44वां संशोधन लाया गया था।

सीतारमण ने शाहबानो मामले का जिक्र करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिला को न्याय दिलाने के लिए जो आदेश दिया था, कांग्रेस ने उसके खिलाफ नया कानून बना दिया कि महिला को न्याय नहीं मिलना चाहिए। यह बड़ी चिंता की बात है।

सीतारणम के अलावा सत्ता पक्ष की ओर से गृह मंत्री अमित शाह, हरदीप सिंह पुरी, सुधांशु त्रिवेदी, भूपेंद्र यादव और बृजलाल बहस में हिस्सा लेंगे।विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश के अलावा दिग्विजय सिंह और अन्य सांसदों के बहस में शामिल होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सदन में अपना जवाब देंगे। हालांकि, इस बीच अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हंगामा देखने को मिल सकता है।

**राज्यसभा में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बीच संविधान पर होगी बहस, हंगामे की संभावना**

नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में संविधान पर तीखी बहस के बाद सोमवार और मंगलवार को राज्यसभा में इस विषय पर चर्चा होगी।राज्यसभा में संविधान पर बहस सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच हो रही है, जिससे तनाव की आशंका बढ़ गई है।सत्ता पक्ष की ओर से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सुबह 11 बजे सदन शुरू होने के बाद बहस की शुरूआत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी संविधान पर अपनी बात रखेंगे।

शाह के अलावा सत्ता पक्ष की ओर से निर्मला सीतारमण, हरदीप सिंह पुरी, सुधांशु त्रिवेदी, भूपेंद्र यादव और बृजलाल बहस में हिस्सा लेंगे।विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश के अलावा दिग्विजय सिंह और अन्य सांसदों के बहस में शामिल होने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सदन में अपना जवाब देंगे। हालांकि, इस बीच अविश्वास प्रस्ताव को लेकर हंगामा देखने को मिल सकता है।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा.



राष्टपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के लोकतांत्रिक समाजवादी गणराय के राष्टपति महामहिम अनुरा कुमार दिसानायके नई दिल्ली में राष्टपति भवन में आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह के दौरान तस्वीरों के लिए पोज़ देते हुए.

# प्रियंका गांधी फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर पहुंची संसद, सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें एक बार फिर उनका फिलिस्तीन प्रेम दिखाई दिया है। संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी सोमवार को एक बैग लेकर पहुंचीं, जिसमें फिलिस्तीन लिखा हुआ है। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बैग के जरिए सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं।

हालांकि यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी।

अब प्रियंका गांधी के इस बैग को लेकर सियासी बवाल मच गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनकी यह फोटो वायरल हो रही है। इस पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग कमेंट कर रहे हैं।

शिवम त्यागी नाम के एक यूजर ने लिखा, प्रियंका गांधी फिलिस्तीन समर्थन का बैग लेकर पहुंची हैं संसद में, क्या कहना चाहेंगे आप?

एक अन्य यूजर ने लिखा, आज संसद में प्रियंका गांधी फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर पहुंचीं। मतलब साफ है कांग्रेस को इतनी दूर के मुस्लिमों की चिंता है, पड़ोसी हिंदू बांग्लादेशियों की नहीं। अभी भी नहीं पहचान पाए तो फिर कभी नहीं। पुरोहित नाम के यूजर ने लिखा, फिलिस्तीन के समर्थन में प्रियंका गांधी। लगता है ओवैसी के साथ गठबंधन हो सकता है।

हाल ही में प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन के राजदूत डी अफेयर्स अबेद एलराजेग अबू जाजेर से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी को केरल के वायनाड से लोकसभा उपचुनाव में जीत की बधाई दी। उन्होंने राजदूत के साथ बैठक के दौरान गाजा में चल रही इजरायली सेना की कार्रवाइयों की निंदा की थी।

इससे पहले, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने न्यू ईयर 2024 पर फिलिस्तीन के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया था। उन्होंने लिखा था, जैसा कि हम एक नए वर्ष की शुरुआत का जश्न मनाते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं कि प्रेम, शांति, हंसी और अच्छाई हमारे जीवन को भर दें। आइए हम गाजा में अपने भाइयों और बहनों को याद करें जो अपने जीवन, सम्मान और स्वतंत्रता के अधिकार पर सबसे अन्यायपूर्ण और अमानवीय हमले का सामना कर रहे हैं। जब हमारे बच्चे जश्न मना रहे होते हैं, तो उनके बच्चों की निर्दयता से हत्या की जा रही है। दुनिया के तथाकथित नेता चुपचाप देखते रहते हैं और सत्ता और लालच की तलाश में बेफिक्र होकर आगे बढ़ते रहते हैं। फिर भी लाखों आम लोग हैं जो गाजा में हो रही भयानक हिंसा को रोकने की मांग करते हुए अपनी आवाज उठा रहे हैं और बहादुर दिल वाले ये लाखों लोग हमारे लिए नए कल की उम्मीद लेकर आए हैं।

## प्रधानमंत्री संग्रहालय ने राहुल गांधी को लिखा पत्र, नेहरू के लिखे पत्रों को वापस मांगा

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा औपचारिक रूप से लिखे गए पत्रों को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से वापस मांगा है।ये पत्र 2008 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार में सोनिया गांधी को भेजे गए थे। पीएमएमएल के सदस्य रिजवान कादरी ने 10 दिसंबर को राहुल को पत्र लिखकर सोनिया से मूल पत्र वापस लेने, फोटोकॉपी या डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। कादरी ने पत्र में कहा, हम समझते हैं कि ये दस्तावेज नेहरू परिवार के लिए व्यक्तिगत महत्व रखते होंगे। हालांकि, पीएमएमएल का मानना है कि इन ऐतिहासिक सामग्रियों को अधिक सुलभ बनाने से विद्वानों और शोधकर्ताओं को लाभ होगा।नेहरू के पत्र भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण कालखंड के बारे में अमूल्य जानकारी देते हैं, इसलिए पीएमएमएल ने इन्हें संस्था के अभिलेखागार में वापस भेजने की मांग की। पीएमएमएल ने सितंबर में सोनिया गांधी को पत्र लिखकर ऐसा अनुरोध किया था।

अत्यधिक ऐतिहासिक महत्व वाले इन पत्रों को 1971 में जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल द्वारा नेहरू मेमोरियल म्यूजियम और लाइब्रेरी (अब पीएमएमएल) को सौंपा गया था।इस संग्रह में नेहरू और एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजया लक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत जैसी प्रमुख हस्तियों के बीच पत्राचार शामिल है।



लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के विधायकों ने किया प्रदर्शन.

## कांग्रेस के शिकंजे में जो आएगा उसका करियर खराब होना सुनिश्चित है : अनिल विज

अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज फिर कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस के शिकंजे में जो आएगा उसका करियर खराब होना सुनिश्चित है। इसके अलावा, उन्होंने किसानों को मार्च निकालने के बारे में सलाह देते हुए कहा कि किसान ट्रैक्टर मार्च अनुमति लेकर निकाले और रेल रोकने की बजाए कोई ओर रास्ता अपनाएं। क्योंकि रेल रोकने से लाखों लोगों को परेशानी होगी। वहीं, उन्होंने कहाकि देश के प्रजातंत्र के चारों पहिए सही तरीके से अपना निर्वहन कर रहे है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मणिशंकर आयर के बयान गांधी परिवार ने मेरा करियर बर्बाद किया पर चुटकी लेते हुए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि मणिशंकर को अपनी पड़ी है। गांधी परिवार ने 50 साल तक देश पर राज किया, देश का करियर बर्बाद कर दिया। मणिशंकर क्या है उसके सामने। उनके कब्जे में जो आएगा उसका तो करियर खराब होगा ही होगा।

शिवसेना सांसद संजय राउत के बयान कि वर्तमान सरकार भारत के संविधान के खिलाफ काम कर रही है।

# कांग्रेस नेताओं ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को संसद परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के कई सांसद शामिल हुए। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

कांग्रेस सांसदों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र की मोदी सरकार से यह अपील की कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को तुरंत रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएं। केंद्र सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश के साथ बातचीत करनी चाहिए, ताकि वहां के हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कांग्रेस के नेताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को अपना इकबाल दिखाना चाहिए। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों को सुरक्षा सुनिश्चित कराते हुए उन्हें न्याय दिलाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में देश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं पर इस्लामी तत्वों द्वारा गंभीर हमला किया गया है। नई दिल्ली ने ढाका में अंतरिम सरकार के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बार-बार अपील की है।

## भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आपराधिक मानहानि मामले में नोटिस जारी किया है। बांसुरी को 20 दिसंबर को कोर्ट में हाजिर होना होगा।बांसुरी के खिलाफ शिकायत आम आदमी पार्टी के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सत्येंद्र जैन की ओर से दायर की गई है, जिसके बाद यह नोटिस जारी हुआ है।कोर्ट 20 दिसंबर को जैन और उनके 2 गवाहों के बयान दर्ज करेगी।

जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टेलीविजन चैनल को दिए साक्षात्कार में उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।आरोप है कि बांसुरी ने चैनल पर दावा किया था कि जैन के घर प्रवर्तन निदेशालय के छापे के दौरान 3 करोड़ रुपये, 1.8 किलो सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद हुए थे।जैन का आरोप है कि बांसुरी ने राजनीतिक फायदा उठाने के लिए उन्हें बदनाम किया था।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों के साथ, नई दिल्ली में विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए.



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतीय संविधान की प्रतिकृति भेंट करते हुए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे।

# महंगा हो सकता है ट्रेन से सफर करना! संसदीय समिति ने की किराया बढ़ाने की सिफारिश

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे नेशनल इंटिग्रेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा भी कहा जाता है. पिछले कुछ साल में रेलवे ने अपने नेटवर्क को देश के सबसे दूरदराज के हिस्से तक पहुंचाया है. वर्तमान में, यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है.

पिछले हफ्ते लोकसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में संसदीय स्थायी समिति ने मंत्रालय से विभिन्न ट्रेनों में अपने यात्री किराए की समीक्षा करने को कहा. समिति ने कहा कि भारतीय रेलवे का नेट रेवेन्यू वित्त वर्ष 23 और वित्त वर्ष 24 में कम रहा है. समिति ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 25 के लिए नेट रेवेन्यू का बजट अनुमानित 2800 करोड़ रुपये रखा गया है. भारतीय रेलवे ट्रैफिक रेवेन्यू बढ़ाने का प्रयास कर रहा है. वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेलवे का राजस्व 2,56,093 करोड़ रुपये था, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 6.6 प्रतिशत अधिक है. रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उपलब्ध सुविधाओं बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पैसेंजर रेवेन्यू बढ़ाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाना, ऑनबोर्ड क्षमता में वृद्धि, प्रीमियम ट्रेनों में फ्लेक्सी-फेयर योजना की शुरुआत, कम व्यस्तता वाले वर्गों और खंडों में ग्रेडेड छूट, जहां भी आवश्यक हो आरक्षण कोटे की समय-समय पर समीक्षा, विकल्प के रूप में जानी जाने वाली वैकल्पिक ट्रेन आवास जैसी योजनाओं का विस्तार भी किया गया है. इसमें आगे कहा गया है कि माल ढुलाई और गैर-किराया राजस्व बढ़ाने के लिए भी कई उपाय किए गए हैं, जैसे गति शक्ति कार्गो टर्मिनल नीति, संशोधित इंजन ऑन लोड नीति, वैगन निवेश योजनाएं, गुड्स शेड रेटिंग डैशबोर्ड का शुभारंभ, वाणिज्यिक आय और गैर-किराया राजस्व अनुबंधों के लिए ई-नीलामी नीति और संयुक्त पार्सल उत्पाद-रैपिड कार्गो सेवा (जेपीपी-आरसीएस) आदि. रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रेलवे ने कहा कि परिचालन अनुपात में सुधार हमेशा से उसकी प्राथमिकता रही है. रेलवे ने बताया कि आय बढ़ाने और खर्चों को नियंत्रित करने के उपाय करने की आवश्यकता है.फिलहाल विभिन्न पहलों के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में उसका परिचालन अनुपात सुधरकर 98.43 प्रतिशत हो गया. रेलवे ने एक बयान में कहा, इन प्रयासों में उपलब्ध सुविधा का उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यात्री राजस्व में वृद्धि करना, विशेष ट्रेनें चलाना, ट्रेन में क्षमता में वृद्धि, प्रीमियम ट्रेनों में फ्लेक्सी-फेयर योजना की शुरुआत और कम यात्रियों वाली श्रेणियों और सेक्शन में छूट और विशेष सेक्शन पर कम यात्रियों वाली एसी-3



हिंदू महाकाव्य रामायण के बारे में जानकारी की कमी को लेकर हाल ही में एक इंटरव्यू में दबंग स्टार की आलोचना करने पर सोनाक्षी सिन्हा द्वारा शक्तिमान मुकेश खन्ना पर भड़कने के बाद, अभिनेता ने अब सोशल मीडिया पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें बार-बार इस बारे में बात करने का अफसोस है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मुकेश खन्ना ने अपने इरादे स्पष्ट करते हुए लिखा, प्रिय सोनाक्षी, मुझे आश्चर्य है कि आपने प्रतिक्रिया देने में इतना समय लिया।

# स्टाइलिश आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने इंटरनेट का बढ़ाया तापमान



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने ब्लू कलर की बेहद ही स्टाइलिश फ्रिल्स लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

### अक्षय कुमार ने लॉन्च किया मोहनलाल की बारोज का ट्रेलर, खिलाड़ी कुमार ने की दृश्यम एक्टर की तारीफ

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मोहनलाल की अपकमिंग फैंटेसी ड्रामा बारोज: गार्डियन ऑफ ट्रेजर का हिंदी ट्रेलर लॉन्च किया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय ने बताया कि उन्होंने मोहनलाल की ज्यादातर फिल्में देखी हैं. जबकि मोहनलाल ने इवेंट में शामिल होने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. वहीं अक्षय ने भी मोहनलाल की तारीफों के पुल बांधे. इस इवेंट में अक्षय ने मलयालम सुपरस्टार की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, हर किसी की तरह मैं भी मोहन सर का फैन हूं और मैंने उनकी कई फिल्में देखी हैं. मैंने वह फिल्म भी देखी जिसे मेरे सबसे अच्छे दोस्त प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था. दृश्यम एक्टर मोहनलाल ने अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालने और बारोज का हिंदी ट्रेलर लॉन्च करने के लिए अक्षय

# राज कपूर की 100वीं जयंती पर साड़ी में इतराईं आलिया भट्ट, कहा- 'मुड़ मुड़ के ना देख'

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें साझा करते हुए फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. आलिया ने सफेद फूलों वाली खूबसूरत साड़ी पहने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. यह पोस्ट उन्होंने दिवंगत अभिनेता और फिल्मकार राज कपूर के 100 साल के जश्न को समर्पित किया है.

आलिया ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, मुड़ मुड़ के ना देख. उनके इस ग्लैमरस लुक पर बॉलीवुड के कई सितारों ने तारीफों की झड़ी लगा दी है. भूमि पेडनेकर ने इसे स्टनिंग कहा, जबकि रिया कपूर ने लवली कहकर प्रतिक्रिया दी.

यह खास पोस्ट राज कपूर के सिनेमा जगत में 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है. आलिया ने इस तस्वीर के जरिए अपनी श्रद्धांजलि दी है, जो उनके फैंस और इंडस्ट्री के लिए एक खास संदेश है. कपूर फैमिली इस खास मौके को फिल्म फेस्टिवल की तरह सेलिब्रेट कर रहा है.

फैंस ने आलिया की इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाया है. राजकुमार राव और अन्य सेलेब्रिटीज ने भी पोस्ट को लाइक किया है. आलिया का यह अंदाज न केवल राज कपूर को श्रद्धांजलि है बल्कि उनकी क्लासिक और स्टाइलिश



साड़ी लुक को भी दर्शाता है.

## यो यो हनी सिंहः फेमस की रिलीज तारीख का ऐलान, ट्रेलर भी आया सामने

यो यो हनी सिंह... देश में शायद ही कोई है हिरदेश सिंह उर्फ हनी सिंह के बारे में ना जानते हैं. हनी इंडिया के आइकॉन रैपर हैं. अब हनी सिंह पर की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर ओटीटी की दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज यो यो हनी सिंह- फेमस तैयार की है, जिसका ट्रेलर रिलीज हो गया है. यो यो हनी सिंह- फेमस के ट्रेलर में हनी सिंह की शुरुआती लाइफ से करियर का स्ट्रगल और फिर कामयाबी के बाद सिंगर की असफलता की कहानी देखने को मिल रही है. वहीं, यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर में हनी सिंह का कमबैक नहीं बल्कि अलग ही स्वैग देखने को मिल रहा है. पंजाबी स्टार सिंगर और वर्ल्डवाइड फेमस रैपर हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री सीरीज यो यो हनी सिंह- फेमस का ट्रेलर में हनी सिंह के जिंदगी के हर पड़ाव को दिखाया गया है. इसमें करियर में होने वाली कंट्रोवर्सी भी देखने को मिल रही है. 2.15 मिनट के यो यो हनी सिंह- फेमस के ट्रेलर में हनी सिंह की मेंटल हेल्थ पर भी बात की गई है. यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर की शुरुआत हनी के बिना खिड़की वाले घर से होती है, जिसमें वह 24 साल तक रहे और वहां रहकर उन्होंने मशहूर रैपर बनने का सपना पूरा किया. ट्रेलर में सलमान खान ने हनी सिंह की तारीफ कर रहा है, हनी सिंह के पास ऐसी चीज है, जो किसी के पास नहीं हैं और वो यो यो हनी सिंह.

वहीं, यो यो हनी सिंह- फेमस ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे सिंगर की जिंदगी में बुरे दिन आए और करियर डूबता चला गया. वहीं, हनी सिंह ने पर आपत्तिजनक गाने लिखने के आरोप लगे और इसपर हनी सिंह को कानूनी एक्शन का भी सामना करना पड़ा. वहीं, ट्रेलर में हनी सिंह ने बताया, मैं बिल्कुल बर्बाद हो चुका था, मैंने अपनी बाल और दाढ़ी बढ़ा लिए थे, लोगों से बात नहीं करता था, मैं रोता था, और सोता था. हनी सिंह ने बताया कि उनके परिवार ने ही उन्हें दूसरी जिंदगी दी है. वहीं, हनी सिंह ने प्रोजेक्ट के बारे में बताया, सालों तक मीडिया में मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया,

### सलमान खान के साथ काम कर सातवें आसमान पर रश्मिका मंदाना, बोलीं- सपना सच हो गया

पिछले कुछ समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।इस फिल्म में सलमान की जोड़ी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। दोनों सितारे फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं।अब रश्मिका ने सलमान की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। उन्होंने अभिनेता के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया।

# पुष्पा 2ः 1100 करोड़ का आंकड़ा पार, केजीएफ को पछाड़ बनी 450 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म

तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बीच उनकी नई एक्शन फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर एक नई उपलब्धि हासिल की है. फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर स्टार यश की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ - चैप्टर 2 को पछाड़ दिया है. इसके साथ पुष्पा 2 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म बन गई है.

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2 ने 9वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सभी भाषाओं में कुल 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हिंदी भाषी बेल्ट में, फिल्म ने 27 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो अन्य भाषाओं के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से आगे निकल गया. पुष्पा 2 का कुल भारत नेट कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है. पुष्पा 2 सबसे तेज 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. 9 दिनों में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 461 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसने 9वें दिन केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन (435.33 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है और 450 करोड़ से सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है.

फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजयबालन ने सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन शेयर किया है. मनोबाला के अनुसार, पुष्पा 2 ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 9 दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कुल 1135.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. प्रभास की कल्कि 2898 एडी के लाइफटाइम कलेक्शन (1,042.25 करोड़ रुपये) को पार करने के बाद, पुष्पा 2 सभी भाषाओं में बाहुबली 2: द कन्क्लूजन (1788.06 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), केजीएफ: चैप्टर 2 (1215 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), आरआरआर (1230 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), जवान (1160 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड), और दंगल (2070.3 करोड़ रुपये) को मात देने की तैयारी में है.

**दिलजीत दोसांझ का नया गाना डॉन जारी, शाहरुख खान की दमदार आवाज ने लगाए चार चांद**

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ अपने म्यूजिक कॉन्सर्ट दिल लुमिनाटी टूर की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। कल यानी 14 दिसंबर को चंडीगढ़ में उनका कॉन्सर्ट है, जिसे लेकर प्रशंसक काफी उत्साहित हैं।अब इससे पहले दिलजीत ने अपना नया गाना जारी कर दिया है, जिसका नाम डॉन है। इस गाने के बोल भी उन्होंने खुद ही लिखे हैं।खास बात यह है कि इस गाने की शुरुआत में प्रशंसकों को शाहरुख खान की आवाज भी सुनने को मिलेगी।

डॉन की शुरुआत में शाहरुख को कहते हुए सुना जा सकता है, पुरानी कहावते है कि सबसे ऊपर जाना है तो बहुत सारी मेहनत चाहिए, लेकिन अगर सबसे ऊपर टिकना है तो मां की दुआ चाहिए।

### रेड 2 की रिलीज तारीख फिर बदली, अजय देवगन ने बताया कब पर्दे पर आएगी फिल्म

अजय देवगन के पास इस समय सीक्वल फिल्मों की भरमार है. ऐसे में उनकी फिल्म रेड के सीक्वल का फैंस पलकें बिछाकर इंतजार कर रहे हैं. पहले रेड 2 इसी साल यानी 2024 में ही रिलीज होने वाली थी. हालांकि मेकर्स ने कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी. लेकिन अब अजय देवगन ने खुद अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. अजय देवगन ने रेड 2 का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है- आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू! रेड 2, 1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने पनोरमा स्टूडियो के बैनर तले डायरेक्ट किया है. फिल्म के भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया

# सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा चलती है, जो हमारी त्वचा को रूखा और शुष्क बना देती है। इसके कारण त्वचा पर खुजली होने लगती है और त्वचा छिलने भी लगती है।इस समस्या से निपटने के लिए त्वचा को महज मॉइस्चराइज करना काफी नहीं होता है। सर्दी के दौरान त्वचा की देखभाल करते हुए खुजली को मिटाने के लिए आपको ये 5 घरेलू नुस्खे अपनाने चाहिए।इनके जरिए आपकी त्वचा अंदरूनी तौर पर मॉइस्चराइज भी हो जाएगी।



ओट्स वाले पानी से नहाएं

आप त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत करने के लिए ओट्स वाले पानी से नहा सकते हैं। इस खाद्य पदार्थ में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं।पानी को गर्म करने के बाद उसमें ओट्स डालें और कुछ देर उबलने दें। जब पानी गुनगुना हो जाए, तो उससे नहा लें।ओट्स के एंटी-ऑक्सीडेंट गुण त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देते हैं, जिसके कारण त्वचा नमी युक्त बन जाती है।

नारियल तेल लगाएं

कई लोग सर्दियों के मौसम में त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए क्रीम की जगह नारियल तेल का इस्तेमाल करते हैं। इस पदार्थ के जरिए आप त्वचा पर होने वाली खुजली को भी शांत कर सकते हैं।यह एक प्राकृतिक इमोलिएंट होता है, जो शुष्क त्वचा को हाइड्रेशन प्रदान करता है। साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं।नहाने के तुरंत बाद नारियल तेल इस्तेमाल करें या उससे त्वचा की मालिश करें।

एलोवेरा जेल भी आएगा काम

एलोवेरा के पौधे से निकलने वाले ताजे जेल को लोग सदियों से त्वचा की देखभाल के लिए उपयोग करते हैं। इसे लगाने से त्वचा की सूजन दूर करने, शुष्कता मिटाने और खुजली को कम करने में मदद मिल सकती है।एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर लगाएं और उसे अच्छी तरह से अवशोषित होने दें। आप बाजार में मिलने वाले एलोवेरा जेल से बने उत्पाद भी इस्तेमाल कर सकते हैं।सर्दियों में संवेदनशील त्वचा की देखभाल करने के तरीके। सर्दियों में लोग गर्म पानी से नहाते हैं, जो त्वचा को शुष्क बनाने में योगदान देता है। ऐसे में त्वचा के प्राकृतिक तेलों को बनाए रखने के लिए आपको गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से नहाना चाहिए।इसके अलावा, नहाने के समय को भी कम करें और उसके लिए केवल 10 से 15 मिनट ही लें। इससे आपकी त्वचा पानी के सुखाने वाले प्रभाव के संपर्क में कम समय तक आएगी, जिससे नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। सर्दियों के दौरान अधिक खुशबु वाले साबुन से नहाना त्वचा की सुरक्षात्मक परत को प्रभावित कर सकता है और खुजली को बढ़ा सकता है।इसीलिए आपको इस मौसम में साबुन की जगह पर किसी सौम्य क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। इन क्लींजर का पीएच स्तर हल्का होता है, जो त्वचा के प्राकृतिक तेलों को बनाए रखने में मदद करता है।ऐसा क्लींजर उपयोग करें, जिसमें कोई रसायन न मौजूद हों

# बालों के लिए फायदेमंद है नारियल तेल, क्या आप जानते हैं हफ्ते में कितने दिन करना चाहिए इस्तेमाल?

जैसे-जैसे सर्दियों का मौसम शुरू होता है, वैसे-वैसे ड्राई स्किन से निपटने की चुनौती भी बढ़ने लगती है. तापमान और आर्द्रता के लेवल में गिरावट के कारण अक्सर त्वचा रूखी, परतदार हो जाती है. इस मौसम में बालों का झड़ना भी काफी कॉमन होता है. लेकिन सिर की त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है. विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर बालों की जड़ें सही हों तो, बालों के झड़ने की समस्या बहुत कम होती है. ऐसे में नारियल का तेल बालों की समस्याओं का समाधान हो सकता है. विशेषज्ञों का कहना है कि नारियल का तेल बालों को घना, मजबूत और स्कैल्प पर नमी बनाए रखने में मदद करता है. इस खबर में जानिए कि सर्दियों में बालों में नारियल तेल लगाने के क्या-क्या फायदे होते हैं...



जानिए बालों में नारियल तेल लगाने के फायदे

बालों के लिए हीट प्रोटेक्टेंट के रूप में कार्य करता है: नारियल का तेल कई विटामिन, एंटी-ऑक्सीडेंट और आवश्यक फैटी एसिड से भरपूर होता है. जिससे बालों पर अच्छा असर पड़ता है. इसके पोषण गुण बालों को स्वस्थ और पोषित रखते हैं. नारियल तेल से मालिश करने से बालों को प्रदूषण और हिट से बचाया जा सकता है.

बालों को नमीयुक्त रखता है: नमी की कमी के कारण बाल ज्यादा पतले दिखते हैं, इसलिए नारियल का तेल बालों के विकास में मदद करता है. यह आपके बालों को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे वे पहले से अधिक मुलायम और घने दिखते हैं.

बालों को टूटने से बचाता है: स्टाइल और फैशन के चलते बालों में केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है, परिणामस्वरूप बालों की गुणवत्ता खराब हो जाती है. इसलिए बालों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नारियल तेल का सही तरीके से इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है. इसके लिए स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें. मसाज इस तरह से जरूरी है कि तेल बालों की जड़ों तक पहुंचे, इससे बालों के झड़ने की समस्या भी दूर हो जाएगी और बाल कम टूटेंगे.

रूसी को रोकने में मदद करता है: नारियल का तेल एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है. जिससे डैंड्रफ की समस्या भी दूर हो जाती है. नियमित रूप से तेल लगाने से सिर की त्वचा रूखी नहीं होती है. स्कैल्प के साथ-साथ बाल भी खूबसूरत होते हैं. नोट: नारियल का तेल बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है विशेषज्ञों के मुताबिक, हफ्ते में दो से तीन दिन इसका इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं

## शब्द सामर्थ्य -267

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में रात राजा भटा यादव उम्र 22 वर्ष निवासी माण्डवा रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आटो चलाता हैं टेण्डर 1 सामुदायिक भवन के सामने सांची दुकान के पास खड़ा था तभी मोनू एंव सगर उसके पास आये और दोनों एक राय होकर गाली गलोज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किये तो दोनों चाकू निकाले ओर उसके दायें जांघ मे एक एक बार मारे जिससे उसे चोट आयी एवं दोनों जान से मारने की धमकी दिये।



श्री निवास रामानुजन जयंती पर समर्पित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम के पी.एस.एम.महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय गणितीय गतिविधियों का आज द्वितीय दिवस रहा

# रामानुजन की जीवन यात्रा और योगदान पर भाषण तथा पावर प्वाइंट प्रस्तुति का आयोजन हुआ





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री निवास रामानुजन जयंती पर समर्पित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम के पी.एस.एम.महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय गणितीय गतिविधियों का आज द्वितीय दिवस रहा राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम 2024 में द्वितीय दिवस समर्पित रहा उदघाटन सत्र तथा शैक्षणिक सेमीनार के नाम श्री निवास रामानुजन जयंती पर समर्पित राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम के पी.एस.एम.महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय गणितीय गतिविधियों का आज द्वितीय दिवस रहा । जिसके प्रथम सत्र के उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद यादव,ज्वाइंट कमिश्नर जबलपुर संभाग,जबलुपर,कुलगुरु डॉक्टर आरसी मिश्रा,महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीलेश पांडे,प्राचार्य हितकारिणी महिला महाविद्यालय तथा प्रांत संयोजक,शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान न्यास,महाकौशल संभाग,जबलपुर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.एस.एम. प्राचार्य डॉ. राममोहन तिवारी जी रहे। गणित ने हमारे जीवन को दशा और दिशा प्रदान की है से शुरूआत करते हुए हनुमान चालीसा को गणित से जोड़ते हुए धरती से आसमान की दूरी के बारे में रोचक बातें मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉक्टर आरसी मिश्रा द्वारा बताई गयीं। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए अरविंद यादव,ज्वाइंट कमिश्नर द्वारा गणित की महत्ता दिन-प्रतिदिन के कार्यों में विशेष तरीके से निरूपित की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर नीलेश पांडे के उद्बोधन से छात्रअध्यापकों ने मॉडल मैथ्स को भारतीय गणित पर आधार भूत के रूप मेंजाना । अध्यक्षीय उद्बोधन में पी.एस.एम. प्राचार्य डॉ. राममोहन तिवारी हमारे जीवन को एक गणित बताते हुए कहा कि शत्रुओं को घटाने,मित्रों को जोड़ने पर बल दिया जाए। श्री तिवारीजी ने आगे कहा कि ऐसे कार्यक्रम दिशा निर्देश देते हैं और छात्रों में स्फूर्ति बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के इस सत्र में कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव ने गणित दिवस मनाने हेतु आवश्यकता तथा कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान संस्थान के डॉ.रामनरेश पटेल,श्री सतीश तिवारी तथा डॉ प्रमोद श्रीवास्तव मंचासीन रहे। मंच संचालन श्री जी .पी यादव द्वारा किया गया कार्यक्रम का दूसरा सत्र शैक्षणिक सेमीनार तथा पी.पी.टी प्रदर्शन पर आधारित रहा,इसके अंतर्गत समन्वयक डॉक्टर प्रमोद श्रीवास्तव ने छात्र अध्यापकों को गणित का जादू दिखाते हुए उसकी रोचकता और सरसता को बताया इसके पश्चात रामानुजन की जीवन यात्रा और योगदान पर भाषण तथा पावर प्वाइंट प्रस्तुति का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में आशीष नारायण माथुर,विनीत चैहान ,सुनीता जैन आदि शिक्षक उपस्थित रहे। तथा इस दौरान मैथ्स सारथी ग्रुप के छात्र प्रतीक्षा पटेल ,रक्षा श्री, नमो पटेल राजदा, तबस्सुम, रत्ना और पल्लवी का विशेष योगदान रहा। आज के कार्यक्रम को 9 जिलों से उपस्थित शिक्षकों द्वारा अद्वितीय निरूपित किया गया।

# बुजुर्ग हमारे समाज की पूंजी, उनके सम्मान से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उक्त उद्गार मंथन श्री के संस्थापक संतोष नेमा ने अंतरराष्ट्रीय नेमा साहित्य मंच के द्वारा आदेगांव में अति बुजुर्ग नागरिकों के सम्मान के अवसर पर व्यक्त किये. मंच के संयोजक विजय नेमा अनुज ने कहा कि बुजुर्गों को पूर्ण सम्मान,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी समाज की है ताकि उनको परिपूर्णता का बोध हमेशा होता रहे. उन्होंने कहा कि सम्मान का यह क्रम लगातार जारी रहेगा.विगत दिनों मंच द्वारा आदेगांव में 95 वर्षीय श्रीमती श्यामवती नेमा,92 वर्षीय श्रीमती सावित्री नेमा,94 वर्षीय श्रीमती कृष्णा नेमा का उनके घर जाकर सम्मान शाल,श्रीफल,माल एवं मानपत्र देकर किया गया. उल्लेखनीय है कि मंच द्वारा पूर्व में सतना,नरसिंहपुर,बांसवाड़ा करेली,गोटेगांव,मेख, जबलपुर कमती इमलिया, आदि स्थानों में जाकर अति वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जा चुका है. आदेगांव में समाज के वरिष्ठ नागरिक सोमनाथ नेमा ने मंच द्वारा किए जा रहे अति बुजुर्ग नागरिकों का उनके घर जाकर सम्मान करने की खुलकर सराहना की.परिवार के लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए मंच की मुक्त कंठ से सराहना की.इस अवसर पर श्री धरम चंद नेमा, सोमनाथ, राजू, अशोक, पप्पू, सोनू,कविता,रेखा, अनूप,सुनील नेमा सहित अनेक नागरिकों की उपस्थिति उल्लेख रही.

## संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि 20 दिसंबर को रजक धर्मशाला द्वारका नगर में मनाई जाएगी




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छता अभियान के जनक शिक्षा की अलग जगाने वाले महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा जी की पुण्यतिथि 20 दिसंबर को 1॰00 बजे दोपहर संत गाडगे धर्मशाला नारायण चौक लाल माटी जबलपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में समाज सेवी सरमन रजक, रमेश मास्टर, पप्पू ,राजेंद्र रजक, रम्मू रजक महेश रजक, कल्लू खलीफा, सतीश रजक, राम लाल, राकेश कनौजिया, जग्गी रजक, टीनू रजक, रन्नु रजक,सत्तू रजक,गोलू ,एवं अन्य सामाजिक संगठन के समाजसेवी एडवोकेट सुधीर शर्मा, मुन्ना ठाकुर,अतुल गुप्ता, संजू भोजक, तथा दी बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारी ने पुष्पांजलि कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है।

## सनातन हिन्दू के सबसे प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ को स्वच्छ एवं हरित कुंभ बनाने हेतु राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित एक थाली एक थैला अभियान



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सनातन हिन्दू के सबसे प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन प्रयागराज महाकुंभ को स्वच्छ एवं हरित कुंभ बनाने हेतु राष्टीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित एक थाली एक थैला अभियान को सफलता प्रदान करने हेतु केंट विधानसभा अंतर्गत दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्रमांक 79डुमना रोड़ प्रियदर्शनी कालोनी स्थित गार्डन प्रांगण में कालोनी एसोसिएशन के गणमान्य नागरिक,श्री संजयसिंह,श्री अशोक तिवारी, विदूष मिश्रा,रवि श्रीवास्तव,,,,,,,,, सहित केंट विधायक माननीय श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी जी, पार्षद श्रीमती रजनी साहू, मनोनीत पार्षद श्रीमती सोना वर्मा, डॉ श्याम दुबे, अभिषेक कुमार, एवं उपस्थित नागरिकों के करकमलों द्वारा 250 यूनिट थालियां एवं थैले सहित तुलसी के पौधे संघ के अधिकृत प्रतिनिधियों को कार्यक्रम के माध्यम से समर्पित कर संघ द्वारा संचालित एक थाली एक थैला अभियान को सफलता प्रदान करने का अनूठा प्रयास किया गया इसी श्रृंखला में संघ के प्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को भव्यता एवं सफ़लता प्रदान करने हेतु सभी क्षेत्रीय नागरिकों सहित भाजपा कार्यकर्ता संघ कार्यकर्ताओं को सहृदय धन्यवाद करते हैं।

## केन्द्रीय विद्यालय जीसीएफ का वार्षिकोत्सव समारोह आज

तालिब हुसैन

जबलपुर. पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जीसीएफ नम्बर वन का वार्षिक उत्सव समारोह गुरूवार को शाम पांच बजे से आयोजित किया गया है. समारोह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा.

गन केरिज फैक्टरी जीसीएफ के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजीव गुप्ता समारोह के मुख्य अतिथि होंगे. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के डिप्टी कमिश्नर (आर.ओ.) दिगराज मीना कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे. डॉ. अश्विनी कुमार सुधांशु, एडीशनल डायरेक्टर

**विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही प्रतिभाओं का होगा सम्मान**

भारत सरकार हेल्थ स्कीम, डॉ. अरविंद शर्मा, ज्वाइंट डायरेक्टर व अधीक्षक मेडीकल कालेज, संजय श्रीवास्तव जीएम जीसीएफ, केन्द्रीय विद्यालय संगठन के असिस्टेंट कमिश्नर द्वय

हीरा लाल एवं श्रीमती किरण शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में मौजूद रहेंगे. प्राचार्य रजनीश सिंघई एवं स्कूल स्टाफ ने शाला के विधार्थियों व उनके अभिभावकों से समारोह में उपस्थित होने की अपील की है.

# राज्य स्तरीय नोडल टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रांजल को मिला गोल्ड



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र प्रांजल शर्मा ने राजीव गांधी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा सतना में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मे भोपाल नोडल और फाइनल मैच में इंदौर नोडल के खिलाड़ियों को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्रांजल का चयन टेबल टेनिस प्रतियोगिता वेस्ट जोन के लिए किया गया है। प्रांजल की उपलब्धि पर हितकारिणी सभा के सभापति राजेश अग्रवाल, अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया, सचिव बाबू विश्वमोहन, संयुक्त सचिव मुकुल खंपरिया, महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष एड रमेश श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ कविता शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# म प्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी जूझ रही मानवसंसाधन की भारी कमी से, कर्मचारी हो रहे जानलेवा काम के बोझ का शिकार



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं देश की अन्य कंपनियों की तुलना में पारेषण हानि केवल 2.6 त्न रखने के बावजूद भी कंपनी की संगठनात्मक संरचना विगत 8 वर्षों से स्वीकृत नहीं की जा रही है, और रिक्त पदों पर नियमित व पर्याप्त भर्ती नहीं की जा रही है। इस गंभीर स्थिति पर ध्यान आकर्षित करते हुए मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने माननीय मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ के महासचिव, इंजी. विकास कुमार शुक्ला ने बताया कि कंपनी की संरचनात्मक संरचना अत्यधिक पुरानी हो चुकी है और 8 वर्षों से शासन स्तर पर लंबित है।हाल ही में अन्य विद्युत कंपनियों के लिए भर्ती हुई, लेकिन ट्रांसमिशन कंपनी के लिए आवश्यकता के अनुरूप पद नहीं निकाले गए, जिससे यह प्रतीत होता है कि निजीकरण का खतरा गहरा रहा है। इंजी. विकास शुक्ला ने कहा कि कंपनी की जिम्मेदारी केवल पारेषण तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य कंपनियों के पेंशन फंड का प्रबंधन भी इसके अंतर्गत आता है। ऐसे में निजीकरण का प्रयास न केवल अनुचित है, बल्कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था के लिए भी घातक हो सकता है।

संसाधन और काम में असंतुलन बढ़ रहा है जबकि वर्ष 2011 की तुलना में कंपनी की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता में 150त्न की वृद्धि हुई है, लेकिन मानव संसाधन पुराने संगठनात्मक संरचना के आधार पर 40त्न से भी कम रह गया है। हर साल औसतन 6त्न कार्मिकों के सेवानिवृत्त होने से स्थिति और बिगड़ रही है। म प्र विद्युत मंडल अभियंता संघ ने मांग की है कि कंपनी की संगठनात्मक संरचना को तुरंत स्वीकृत किया जाए। और सभी स्तरों पर रिक्त पदों पर नियमित और पर्याप्त भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। अगर समय पर इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री से इस विषय पर त्वरित और प्रभावी हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि कंपनी सुदृढ़ और सुचारू रूप से कार्य कर सके और प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को स्थायित्व और मजबूती प्रदान कर सके।

## सीआर पाटिल के नेतृत्व में जारी जनभागीदारी जल संचय अभियान की ताकत अनोखी है- पीएम मोदी

सूरत॰ आरएनएसगत 6 जुलाई को सूरत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.

मोहन यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में वर्षा जल के संरक्षण हेतु जनभागीदारी से जल संचयन हेतु %कैच द रेन% अभियान शुरू किया गया। अब यह अभियान देशभर में जन आंदोलन का रूप लेने लगा है। मंगलवार को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल की इस अभियान को चलाने पर सराहना की। इस अवसर पर राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया कि यह अभियान भविष्य में देश में भूजल की स्थिति में काफी बदलाव लाएगा। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री ने संकेत दिया कि यह अभियान अब देशभर में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जयपुर में राजस्थान राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम %एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष% में भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी से जुड़ी समस्याओं का उचित समाधान किया जाएगा।

डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर

# स्पाइन सर्जरी से राहत पाएं



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्पाइन सर्जरी एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का दूसरा मौका देती है, जिससे पीठ और गर्दन के दर्द से राहत मिलती है। विभिन्न प्रकार की स्पाइन सर्जरी अलग-अलग आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जैसे कि फ्यूज़न, डिस्केक्टोमी, लैमिनेक्टोमी और फॉरैमिनोटॉमी। एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी एक मिनिमली इनवेसिव विकल्प है, जिसमें छोटे चीरों और कैमरों का उपयोग करके हर्निएटेड डिस्क और स्पाइनल स्टेनोसिस जैसी समस्याओं का इलाज किया जाता है। ऐसा डॉ. मोहम्मद फैजान, स्पाइन सर्जन, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा ।उन्होंने आगे बताया की,विशेषज्ञ स्पाइन सर्जन उन्नत तकनीकों और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, जिससे व्यक्तिगत देखभाल और बेहतर परिणाम सुनिश्चित होते हैं। जब पारंपरिक उपचार पर्याप्त राहत प्रदान करने में असफल होते हैं, तब स्पाइन सर्जरी पर विचार किया जा सकता है। यदि लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं या बिगड़ते हैं और दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं, तो सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता हो सकती है।



## बैकयार्ड कुक्कुट पालन द्वारा उद्यमिता विकास हेतु पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 16-20 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की अगुवाई एवं सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से मुर्गीपालन उधमियो हेतु पांच दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है , इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन डा आर पी नेमा द्वारा ग्रामीण मुर्गी पालन विषय तथा मुर्गी आवास व्यवस्था विषय पर डा लक्ष्मी चौहान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।दूसरे दिन मुर्गियों की नस्लों के बारे में डा. एस एस तोमर , मुर्गी आहार के बारे में डा अंकुर खरे, मुर्गी के टीकाकरण के बारे में डा आर पी नेमा एवं हेचरी प्रबंधन विषय पर डा गिर्राज गोयल ने व्याख्यान दिया ।तीसरे दिन डा बृजेश सिंह कुक्कुट रोग और निदान, डा हरी आर द्वारा शासकीय मुर्गीपलन योजनाओं , डा आर पी नेमा द्वारा टीकाकरण , डा अंजु नायक द्वारा कुक्कुट रोग की पहचान एवं डा अनिल शिंदे ने मुर्गी के टीकाकरण, एवं मुर्गी आहार निर्माण विषयो पर व्याख्यान दिया ।

## विकास इकोटेक लिमिटेड को कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ( सीआईआई ) इंडस्ट्रियल इनोवेशन अवार्ड्स 2024 में टॉप 75 इनोवेशन कंपनीज़ में से एक होने का सम्मान

मुबंई (आरएनएस) प्लास्टिक और रबर इंडस्ट्रीज़ के लिए स्पेशलिटी पॉलिमर और स्पेशलिटी एडिटिव्स और केमिकल्स के कारोबार में अग्रणी कंपनी विकास इकोटेक लिमिटेड (बीएसई॰ 530961, एनएसई॰ ङ्कद्बद्मस्श्वष्टह्र) ने इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) इंडस्ट्रियल इनोवेशन 2024 में टॉप 75 इनोवेटिव कंपनियों में से एक होने की घोषणा की है। कंपनी को 12-13 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के द ललित होटल में आयोजित सीआईआई वार्षिक शिखर सम्मेलन 2024॰ सीआईआई इंडस्ट्रियल इनोवेशन अवार्ड्स 2024 समारोह में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह इसकी विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अवॉर्ड विनर्स के प्रतिनिधियों को विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय व्यक्तियों द्वारा सुविधा प्रदान की गई, जिन्होंने इनोवेशन और इंडस्ट्री के नेतृत्व में कंपनी के विकास महत्वपूर्ण योगदान दिया।

यह पुरस्कार विकास इकोटेक लिमिटेड के बेहतरीन परफॉर्मेंस, इनोवेशन के लिए उनकी कमिटमेंट और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और रिसर्च और डेवलपमेंट को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की पुष्टि करता है। विशेष रूप से, यह नैनोकंपोजिट्स, वेस्ट मैनेजमेंट और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंड्यूस्ड (ईएमआई) शील्डिंग पर आधारित इंटेलिजेंट कोटिंग्स के क्षेत्र में कंपनी को आगे बढ़ाने की मान्यता देता है और उजागर करता है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी पाटन नवल सिंह आर्य ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्रे रंग की हुण्डई कम्पनी की आई 20 कार में कुछ व्यक्ति बेलखाडू तरफसे रोसरा की ओर भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम सरोंद तिराहे के थोड़ा आगे पानी की टंकी के पास बेलखाडू- रोसरा रोड़ पर नाकेबंदी कर वाहन चैकिंग की गई कुछ समय बाद बेलखाडू तरफसे एक बिना नम्बर की आई 20 ग्रे रंग की कार काफी तेज रफ्तार से आई , पुलिस की नाकेबंदी देखकर कार चालक तेज गति से यू टर्न लेकर बेलखाडू तरफमोड़कर भागने लगा कार चालक द्वारा कार को तेज गति से ले जाते समय अनियंत्रित होकर

# एसडीएम का चपरासी कर रहा था मैडम की ड्राइवरी, डेढ़ लाख की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जिले के शहपुरा भिटौनी के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) का ड्राइवर लोकायुक्त के हत्थे चढ़ गया. एसडीएम नदीमा शीरी का वाहन चालक डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ लोकायुक्त पुलिस ने पकड़ा. आरोपी का मूल पद चपरासी है. लोकायुक्त दल ने भृत्य के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद कर ली है. अपर कलेक्टर ने उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.

उधर, एसडीएम की भूमिका को संदिग्ध मानकर तत्काल प्रभाव से शहपुरा तहसील से हटाकर कलेक्टर कार्यालय में अटैच कर दिया है. लोकायुक्त ने भी एसडीएम की भूमिका की जांच शुरू कर दी है.

**मामला रफा-दफा करने के लिए मांगे थे 3 लाख**

लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि शहपुरा तहसील में पदस्थ चपरासी सुनील कुमार पटेल को डेढ़ लाख रुपयों की रिश्वत लेते हुए टीम ने पकड़ा है. इसकी शिकायत शहपुरा भिटौनी के खमदेही गांव के संग्राम सिंह ने की थी. खामदेही के मुख्य मार्ग से लगी संग्राम के रिश्तेदार की एक एकड़ जमीन है. इस जमीन पर गांव के किसान बासमती धान का भंडारण करते हैं. 28 अक्टूबर को शहपुरा तहसीलदार ने मौके पर निरीक्षण कर पंचनामा बनाया था. इस पर एसडीएम ने आवेदक को कारण बताओ नोटिस दिया था. नोटिस मिलने पर मामले को रफा-दफा करवाने के लिए एसडीएम के चपरासी सुनील से बातचीत की गई थी तो उसने तीन लाख रुपयों की रिश्वत की मांग की थी.

**लोकायुक्त के जाल में ऐसे फंसा**

लोकायुक्त दल के उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झरवडे, निरीक्षक कमल सिंह उईके, निरीक्षक नरेश बेहरा ने शिकायत के सत्यापन के लिए कॉल रिकॉर्ड की और मंगलवार को रिश्वत की आधी राशि देने के लिए धनवंतरी नगर तय किया गया था. शहपुरा तहसीली में एसडीएम के भृत्य पद पर पदस्थ है. वह चपरासी के साथ एसडीएम का ड्राइवर भी बना हुआ है. जानकारी मिली है कि वह लोगों के मामले को रफा-दफा करवाने का भी काम करता था.

शहपुरा की तत्कालीन एसडीएम नदीमा शीरी को आनन-फानन में कलेक्ट्रेट अटैच करने के पीछे भृत्य की ट्रैपिंग सामने आ रही है. पूर्व में भी इस तरह की शिकायत कलेक्ट्रेट तक पहुंची थी. माना जा रहा है कि इतनी बड़ी राशि रिश्वत में एक भृत्य नहीं ले सकता है. लिहाजा, अपर कलेक्टर ने शीरी को हटाकर उसकी जगह शहपुरा का प्रभार डिप्टी कलेक्टर कुलदीप पाराशर को दिया है.

## हास्टल में युवती ने फंासी लगाई

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना तिलवारा में रात्रि कुमारी आशा धुर्वे उम्र 24 वर्ष निवासी जनता टाकीज के पीछे जीवोदय छात्रावास इटारसी जिला नर्मदापुरम वर्तमान पता प्रशांत वैदेही की हास्टल सगड़ा पेट्रोल पम्प के पीछे तिलवारा ने सूचना दी कि वह सगड़ा पेट्रोल पम्प के पीछे प्रशांत वैदेही के हास्टल मे किराये से रहती है साथ में आस्था यादव उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी थाना किन्दरई जिला सिवनी भी रहती थी दोपहर लगभग 1 बजे काम पर जाने के लिये निकली थी लेकिन काम पर नहीं गयी थी सुबह कहीं और गयी थी जो दोपहर लगभग 3 बजे हास्टल आने का पता चला था रात लगभग 12-30 बजे काम से हास्टल वापस आई तो उसके साथ रहने

# रिटायर्ड कर्मचारी की हत्या, किचन में मिली लाश



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पुरानी बस्ती करमेता माढ़ोताल में रहने रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी संतोष चौबे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई. संतोष चौबे की हत्या की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने देखा कि लाश किचन में पड़ी है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरु कर दी गई है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुरानी बस्ती करमेता माढ़ोताल में रहने वाले बीएसएनएल से रिटायर्ड होने के बाद संतोष की अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर हत्या कर दी. संतोष चौबे को घर के बाहर न देख किराएदार ने आवाज लगाई लेकिन कोई जबाव न आने से किराएदार घबरा गया. उसने संतोष चौबे के बेटे संजय को फोन पर खबर दी. कुछ देर बाद संजय पहुंच गया और दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा तो देखा कि पिता संतोष चौबे खून से लथपथ हालत में किचन में पड़े है, सिर पर गंभीर चोट है. घटना की खबर मिलते ही माढ़ोताल पुलिस पहुंच गई. जिन्होने पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मामले में किराएदार सहित अन्य लोगों से पूछताछ की है. देर रात शार्ट पीएम में भी संतोष चौबे की हत्या की पुष्टि की गई. पुलिस को पूछताछ में बेटे संजय चौबे ने बताया कि रिटायर्ड होने के बाद पिता संतोष चौबे घर में अकेले ही निवासरत रहे, यहां तक कि उन्होने मकान को किराए पर दे दिया था. वे प्रतिदिन पिता को दोपहर 11 बजे खाना भेजते रहे. उनका पूरा ख्याल रखते थे कि उन्हे कोई दिक्कत न हो. पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा.

# टक्कर मारने के बाद झोपड़ी में जा घुसी जीप, वृद्ध की मौत, एक अन्य भी घायल

**कुंडम थाना क्षेत्र के बिलटुकरी तिराहे के समीप हुई घटना**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कुंडम थाना क्षेत्र स्थित बिलटुकरी तिराहे के पास रविवार की शाम बेलगाम भागती जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे दो ग्रामीणों को कुचलते हुए एक झोपड़ी में जा घुसी। इस हादसे में घायल 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि घटना के बाद जीप चालक मौके से से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी जीप चालक की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिजौरी निवासी रामचरण झारिया उम्र 65 वर्ष व मुकेश गोंटिया बिलटुकरी चौराहे पर बनी एक झोपड़ीनुमा चाय की दुकान के बाहर बैठकर बस का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान जीप क्रमांक एमपी 20 टीए 1798 का चालक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए आया। चौराहे पर अचानक जीप बहक गई और सड़क किनारे बनी टपरिया के बाहर बैठे रामचरण व मुकेश को टक्कर मारते हुए झोपड़ी में घुस गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला, वहीं गंभीर रूप से घायल रामचरण व मुकेश को इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ चिकित्सकों ने रामचरण को मृत घोषित कर दिया, वहीं मुकेश का इलाज जारी है। **बाइक की टक्कर से 2 घायल** पनागर थाना में ग्राम कूड़न बहोरीबंद कटनी निवासी नगीना गोंड ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार पति राजेश गोंड और सतीश कुमार जरूरी कार्यवश पठरा उमरिया तक साइकिल से जा रहे थे, तभी पीछे से आए अरुण और सुरेन्द्र ने कुशनेर ब्रिज पुल के पास अपनी बाइक क्रमांक एमपी 20 एन एक्स 9842 से उन दोनों को टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश तथा सतीश को चोटें आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है। **मालगाड़ी के इंजन से टकराए युवक की मौत** मदन महल रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी के इंजन से टकराने के कारण एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा रात के वक्त पटरी पार करने के दौरान हुआ। युवक ट्रेन देख नहीं पाया और इंजन से टकरा गया। बेहोशी की हालत में रहे युवक की सूचना यात्रियों ने अधिकारियों को दी। रेल सुरक्षा बल द्वारा देर रात उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ उसकी मौत हो गई। बताए गए हुलिए के आधार पर युवक की पहचान घनघोर सिंह के रूप में की गई। जो मंडला का निवासी था। जबलपुर में रहकर वह काम करता था। मंडला से पीड़ित के परिजन सोमवार को जबलपुर पहुँचे। प्राथमिक औपचारिकताएँ कराने के बाद शव को रेल पुलिस द्वारा परिजनों को सौंपा दिया गया।

# अज्ञात चोर सरिया चुरा ले गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में दिनांक 17-12-24 को किशोर प्रसाद टेमरे उम्र 56 वर्ष निवासी उखरी रोड़ जीवन कालोनी कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बबई गोल्डन ट्रांसपोर्ट उखरी रोड़ में काम करता है दिनांक 30-11-24 को हमारे ट्रांसपोर्ट में आर्डिनेंस कम्पनी के नाम से मुम्बई से 15 नग लोहे की सरिया आई थी डिलेवरी नहीं होने से ट्रांसपोर्ट के खुले मैदान में ही रखी थी दिनांक 8-12-24 को रात लगभग 9 बजे ट्रांसपोर्ट बंद हो गया था। दिनांक 9-12-24 की सुवह लगभग 10 बजे ट्रांसपोर्ट आया देखा कि एक सरिया वजनी लगभग 2 क्विंटल कीमती लगभग 25 हजार रूपये की गायब थी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। अभी तक अपने स्तर पर तलाश करता रहा कुछ पता नहीं चला है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अकाल मृत्यु

**जबलपुर** थाना पनागर में सुधा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल से सूचना मिली कि दिनांक 17-12-24 को आदित्य बर्मन उम्र 17 वर्ष निवासी पटेरा खिरिया थाना पनागर का कोई अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन करने से इलाज हेतु आज रात लगभग 10-30 बजे भर्ती हुआ था दौरान उपचार के आज सुवह लगभग 8-3 बजे खत्म हो गया है।

# पत्रकारों के हितों की आवाज उठाई विधायक अभिलाष पांडे ने



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विधानसभा में उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे ने पत्रकारों के हितों को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सालों से पत्रकार और फोटो ग्राफर जनसेवा में लगे हैं। अब भी ऐसे वृद्ध एवं उम्र दराज पत्रकार हैं जिनके अधिमान्य कार्ड नहीं बने हैं। इससे इन्हें साठ साल की उम्र के बाद सरकार की पत्रकार हितैषी योजना जिसमें अनुदान प्राप्त होता है, से वंचित हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने विस्तार से बताया कि पत्रकार सुरक्षा निधि अभी लगातार दस साल तक अधिमान्यता वाले पत्रकारों को दी जाती है। इसके पहले विधायक पांडे ने कहा कि अनेक बुजुर्ग पत्रकार और प्रेस छायाकार किसी संस्थान से सम्बन्धित न होने के कारण अधिमान्यता से वंचित हैं। विधानसभा में सरकार की तरफ से बताया गया कि निधि निर्णायक मण्डल का गठन किया जा चुका है। मीडिया प्रतिनिधियों को अधिमान्यता प्रदान करने के लिये 01 राज्य एवं 10 संभागीय स्तरीय समितियों के गठन की प्रक्रियाधीन है। पत्रकर्ति को चिकित्सकीय उपचार हेतु म.प्र. संचार प्रतिनिधि कल्याण समिति के गठन की प्रक्रियाधीन है। विधायक पांडे ने पत्रकारों के हित में उठाई आवाज उचित है इसे सभी को समर्थन देना होगा।

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 5 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 13 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 20 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 10 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1146 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 19 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

N.I.T. NO..... / PWD/08/PRO No.397 Dated 18 / 12 / 2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD _389307_1 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत कृष्णा कॉलोनी गली नं. 02 एवं 04 में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। | 04 माह<br>4.03 लाख | 2000/-<br>4031/- | 03.01.2025 |
| 2 | 2024_UAD _389307_2 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत कोरी मोहल्ले में अजय भोक्से से हेमा कोरी के घर तक एवं नीता जैन से नरेशी कोरी के घर तक सड़क पर सीमेंटीकरण कार्य। | 04 माह<br>4.17 लाख | 2000/-<br>4179/- | 03.01.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, ( लोककर्म ) नगर निगम जबलपुर**

## नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 132 2024-2025 दिनांक 11/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री राजेश नायक, 2. श्री सतीश नायक, पिता- स्व. श्री मोतीलाल नायक** ने भवन क्रंमाक 887, संपत्ति कर/ पिन नं.1000361953 जलकर पिन नं. ......., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती मोती लाल नायक **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 900 व.फु. आ. किरायेदार, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/183 दिनांक 18.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीलू जैन, पति- श्री शिखर चंद जैन** ने मकान नं. 2890/पी 552 , **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 585 व.फु., भूतल 520 व.फु., प्रथमतल 585 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/182 दिनांक 18.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती अर्चना तिवारी, पति- श्री रामदास तिवारी** ने मकान नं. खसरा नं. 176/2/1 का हिस्सा , **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 600 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. 84, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 18.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री अजय पंजाबी, 2. श्री विजय कुमार पंजाबी, दोनों के पिता- श्री जीवन पंजाबी,** ने मकान नं. 2464/1ए, पिन नं. 1000601459 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** भूतल 200 व.फु. आर.सी.सी.+ 800 व.फु. सी.सी., **आधार कार्ड, विक्रयपत्र, खसरा, तहसीलदार आदेश,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री नरिन्दर सिंह, पिता- स्व. श्री भाग सिंह, मकान नं. 2464/1ए, पिन नं. 1000601459 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 303 दिनांक 18.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री गगनदीप सिंह गिल, पिता- श्री राजेन्द्र सिंह गिल** ने मकान नं. 1670 , सम्पत्ति पिन नं. 1000618190, **वार्ड कमला नेहरू-19 वार्ड** , क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1250 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/219 जबलपुर दिनांक 18.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती राधा अनंत पवार, पति- श्री अनंत ज्ञानेवर राव पवार, 2. श्री अनंत राव पवार, पिता- श्री ज्ञानेवर राव पावर** ने प्लाट नं. 181 **वार्ड राजीव गांधी** , पिन नं. 1004539898, क्षेत्रफल 846 व.फु., भूतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/218 जबलपुर दिनांक 18.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती राधा अनंत पवार, पति- श्री अनंत ज्ञानेवर राव पवार, 2. श्री अनंत राव पवार, पिता- श्री ज्ञानेवर राव पावर** ने प्लाट नं. 181 **वार्ड राजीव गांधी** , पिन नं. 1004618528, क्षेत्रफल 846 व.फु., भूतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/216 जबलपुर दिनांक 16.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती श्रुति शर्मा (दीक्षित), पति- डॉ. निकित दीक्षित,** ने मकान नं. एफ.एफ.-13 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** , पिन नं. 2000009008, प्रथमतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/214 जबलपुर दिनांक 16.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती शिखा जैन, पति- श्री शरद कुमार जैन** ने मकान नं. 1536/17 **वार्ड राजीव गांधी** , पिन नं. 1000348716, क्षेत्रफल 640 व.फु., भूतल 640 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/213 जबलपुर दिनांक 16.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती शिखा जैन, पति- श्री शरद कुमार जैन** ने मकान नं. 1533/8 **वार्ड राजीव गांधी** , पिन नं. 1000348220, क्षेत्रफल 440 व.फु., भूतल 440 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/215 जबलपुर दिनांक 16.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री राहुल पटेल, पिता- श्री राजेन्द्र प्रसाद पटेल,** ने मकान नं. प्लाट नं. 61 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** , पिन नं. 1000353180, क्षेत्रफल 1250 व.फु., भूतल 1189 व.फु., प्रथमतल 1189 व.फु.,, द्वितीयतल 400 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/212 जबलपुर दिनांक 16.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री बुद्धसेन वर्मा, पिता- श्री सोमेश्वर प्रसाद वर्मा, 2. श्रीमती सुशीला वर्मा, पति- श्री बुद्धसेन वर्मा,** ने मकान नं. फेस- 02 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** , पिन नं. 1003743473, क्षेत्रफल 600 व.फु., भूतल 600 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999